

बुमराह दिसंबर के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

पेज 7 देखें

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



जयराम रमेश की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

पेज 8 देखें


वर्ष : 33 | अंक : 300 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, बुधवार, 15 जनवरी 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल




# पीएम मोदी का महाराष्ट्र दौरा

## मुंबई में आज तीन फ्रंटलाइन युद्धपोत राष्ट्र को समर्पित करेंगे पीएम मोदी

## एशिया के दूसरे बड़े इस्कॉन मंदिर का भी करेंगे उद्घाटन

## आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

### दुश्मनों की अब खैर नहीं! आज देश को मिलेंगे 3 'महाबली' युद्धपोत

**अमित बृज । मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार 15 जनवरी को मुंबई के दौरे पर रहेंगे। यहां वह भारतीय नौसेना के तीन आधुनिक युद्धपोतों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मुंबई यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के विधायकों से बातचीत भी करेंगे। इसके अलावा वह नवी मुंबई में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन भी करेंगे।

**नौसेना को समंदर का किंग बनाएंगे नए युद्धपोत:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन अग्रणी नौसैनिक जहाजों को नौसेना में शामिल किए जाने पर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इससे नौसेना की लड़ाकू क्षमता बढेगी, साथ ही स्वदेशी पोत निर्माण में देश की स्थिति मजबूत होगी। तीनों प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों का जलावतरण रक्षा निर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक रूप से अग्रणी बनने के भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**स्वदेशी सामग्री से निर्मित युद्धपोत :** नीलगिरि प्रोजेक्ट 17 ए का प्रमुख युद्धपोत, शिवालिक-क्लास फ्रिगेट्स की तुलना में एक बड़ी उन्नति है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से महत्वपूर्ण स्टेल्थ फीचर्स और रडार सिग्नेचर शामिल हैं। सूरत प्रोजेक्ट 15 बी विध्वंसक, कोलकाता-क्लास (प्रोजेक्ट 15 ए) विध्वंसकों के अनुवर्ती वर्ग की परिणति है। वाघशीर कलवरी-क्लास प्रोजेक्ट 75 के तहत छठी स्कॉर्पीन-क्लास पनडुब्बी दुनिया की सबसे शांत और बहुमुखी डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक है।

### खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन

भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन परियोजना के श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन करेंगे. 9 एकड़ में फैली इस परियोजना में कई देवताओं वाला एक मंदिर, एक वैदिक शिक्षा केंद्र, प्रस्तावित संग्रहालय और सभागार, उपचार केंद्र आदि शामिल हैं. इसका उद्देश्य वैदिक शिक्षाओं के माध्यम से सार्वभौमिक भाईचारे, शांति और सद्भाव को बढ़ावा देना है.

### महायुति विधायकों के साथ बैठक

इसके अलावा पीएम मोदी महायुति के 230 से अधिक विधायक और विधान परिषद के 40 विधायकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक दक्षिण मुंबई के INS आंग्रे में करेंगे. आने वाले स्थानीय स्वराज्य चुनावों के लिए और महायुति में नेताओं के बर्ताव को लेकर यहां संदेश देंगे।

## दिल्ली में बदल जाएगा कांग्रेस मुख्यालय का पता

**▶▶ कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी पार्टी के नए कार्यालय का करेंगी उद्घाटन**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का पता बुधवार से बदल जाएगा। पिछले 47 वर्षों से 24, अकबर रोड से कांग्रेस की राजनीतिक गतिविधियों का संचालन होता था, लेकिन 15 जनवरी की सुबह 10 बजे से कांग्रेस मुख्यालय का नया पता 9 ए कोटला रोड होगा। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी पार्टी के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगी। कांग्रेस के नए मुख्यालय का नाम 'इंदिरा भवन' रखा गया है। कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ ही पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता, सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और सीडब्ल्यूसी सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस मुख्यालय की नई इमारत के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इंदिरा भवन को पार्टी और उसके नेताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें प्रशासनिक, संगठनात्मक और रणनीतिक गतिविधियों का समर्थन करने के लिए आधुनिक सुविधाएं हैं। यह प्रतिष्ठित भवन कांग्रेस पार्टी के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसने भारत के राजनीतिक और सामाजिक ताने-बाने को आकार दिया है।

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने किया एलान

## पानीपत में शिवाजी महाराज की प्रतिमा

**पानीपत।** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार 14 जनवरी को हरियाणा के पानीपत पहुंचे। पानीपत के तीसरे युद्ध की ऐतिहासिक स्मृति में मंगलवार को यहां शौर्य स्थल काला अम्ब पर शौर्य दिवस समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहां उन्होंने शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसानों से अधिग्रहित की गई जमीन का समय पर मुआवजा दिया जाएगा।

## सोलापुर के पूर्व मेयर की मौत

### महाकुंभ में डुबकी लगाने के दौरान आया हार्ट अटैक

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मंगलवार को शरद पवार गुट के NCP नेता महेश कोठे की स्नान के दौरान मौत हो गई। शाही स्नान के दौरान उन्हें हार्ट अटैक आया और उनका निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे। उनके करीबी ने बताया कि कोठे मकर संक्रांति पर अमृत स्नान के लिए त्रिवेणी संगम गए थे। नदी के पानी में उन्हें दिल का दौरा पड़ा। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महेश कोठे का पार्थिव शरीर बुधवार को अंतिम संस्कार के लिए सोलापुर लाया जाएगा। कोठे ने 20 नवंबर को सोलापुर (उत्तर) से बीजेपी के विजय देशमुख के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे। कोठे के परिवार में पत्नी और एक बेटा है। प्रयागराज में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इतने ठंडे पानी में स्नान करना श्रद्धालुओं को बीमार कर रहा है।



**महाकुंभ में अब तक 3 लोगों की मौत**

जानकारी के मुताबिक, 13 जनवरी को स्नान के बाद लगभग 3,000 श्रद्धालु इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल की ओपीडी पहुंचे। इनमें से 262 मरीजों को भर्ती किया गया।

## शाह पद की गरिमा कायम रखें: शरद पवार

### गृह मंत्री ने पवार पर विश्वासघात का लगाया था आरोप

**धीरज सिंह । मुंबई**

शरद पवार ने गृह मंत्री अमित शाह को अपने पद की मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी है। दरअसल, 12 जनवरी को अमित शाह ने शिरडी में भाजपा के सम्मेलन में कहा था कि महाराष्ट्र में भाजपा की जीत ने 1978 में पवार के द्वारा शुरू की गई विश्वासघात की राजनीति को 20 फीट जमीन में दफना दिया है।

पवार ने मंगलवार को मुंबई में कहा- इस देश ने कई बेहतरीन गृह मंत्री देखे हैं, लेकिन उनमें से किसी को भी अपने राज्य से बाहर नहीं निकाला गया। उनका इशारा सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ मामले में 2010 में शाह को 2 साल के लिए गुजरात से बाहर निकाले जाने की ओर था। 2014 में शाह को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया था।



### पहले पक्ष-विपक्ष के बीच इतनी कटुता नहीं थी

शरद पवार ने कहा कि 1978 में मैं CM था। तब राजनीति में पक्ष-विपक्ष के बीच इतनी कटुता नहीं थी। उस समय जन संघ के उत्तम राव पाटिल जैसे लोग भी मेरी मिनिस्ट्री में थे। इसके बाद जब वाजपेयी PM बने थे, तो उन्होंने मुझे आपदा मैनेजमेंट अथॉरिटी का अध्यक्ष बनाया था। मेरे विपक्ष में होने के बावजूद उन्होंने मुझे जिम्मेदारी दी थी।

### पवार बोले- INDIA गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है

INDIA गठबंधन में फूट की चर्चा पर पवार ने कहा- INDIA गठबंधन में कभी भी स्टेट और लोकल चुनावों को लेकर कोई बात नहीं हुई थी। यह गठबंधन केवल नेशनल लेवल यानी लोकसभा चुनाव के लिए है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर के CM उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद INDIA गठबंधन का कोई महत्व नहीं है। इसे खत्म कर देना चाहिए। शिवसेना के सांसद संजय राउत ने अब्दुल्ला के बयान का समर्थन करते हुए कांग्रेस को इसके लिए जिम्मेदार बताया था। उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र निकाय चुनाव हम अकेले लड़ेंगे।

## उबर जैसी एप आधारित निजी कंपनियों के लिए लागू होगी सरकारी नियमावली

**एजेंसी । मुंबई**



प्रदेश में ओला, उबर और रैपिडो जैसे एप आधारित निजी यात्री परिवहन करने वाली सभी कंपनियों के लिए एक ही सरकारी नियमावली लागू की जाएगी। जिसमें चार पहिया वाहन, मोटरसाइकिल टैक्सी का भी समावेश होगा। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने यह जानकारी दी। उन्होंने यात्री सुरक्षा, कार पुलिंग, लाइसेंस और ट्रैफिक समस्या को लेकर पारदर्शी तंत्र तत्काल विकसित करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को मंत्रालय में सरनाईक की अध्यक्षता में निजी परिवहन कंपनियों के लिए नियमावली बनाने को लेकर बैठक हुई। इसमें राज्य के परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय सेठी, राज्य केपरिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार, एसटी महामंडल के उपाध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक डॉ. माधव कुसेकर मौजूद थे। जबकि निजी यात्री परिवहन कंपनियों के प्रतिनिधि बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए। इस बैठक मेंसरनाईकने अधिकारियों को निजी यात्री परिवहन कंपनियों के संबंध में केंद्र सरकार की नीति का अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निजी कंपनियों को यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। बाईक चलाने के लिए महिला ड्राइवरों की नियुक्ति करनी चाहिए। इस बैठक के दौरान परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार ने निजी परिवहन व्यवस्था, हेल्मेट, महिला ड्राइवरों की सुरक्षा और तत्पर सेवाओं को परिवहन नीति में शामिल करने के बारे में प्रेजेंटेशन दिया।

## रोड एक्सीडेंट से लाल हो रही हैं सड़कें

**▶▶ तीन साल में महाराष्ट्र में 41,612 लोगों की मौत हुई**

**▶▶ सड़क हादसों के मामले में महाराष्ट्र टॉप-5 राज्य में**

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**



महाराष्ट्र में पिछले तीन सालों में कुल 95,150 सड़क दुर्घटनाएं, 41,612 लोगों की मौत हुई। आंकड़ों के मुताबिक राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले तीन वर्षों में यानी 2022 से 2024 के बीच राज्य में कुल 95,150 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। जिनमें 41,612 लोगों की मौत हो गई है। हादसों में मृत्यु दर लगभग 43.73 प्रतिशत है। जो काफी चिंताजनक है। ये आंकड़े राज्य परिवहन विभाग (आरटीओ) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हैं। अगर मुंबई की बात करें तो पिछले साल, जनवरी से नवंबर के बीच, मुंबई और उपनगर क्षेत्र (MMR) में 4,935 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। कुल घटनाओं में 2,319 मुंबई में दर्ज की गईं।

टोरेस धोखाधड़ी मामला

## धन शोधन का मामला दर्ज

**एन. के. पुरोहित । मुंबई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब 38 करोड़ रुपये के टोरेस निवेश "धोखाधड़ी" की जांच के लिए धन शोधन का मामला दर्ज किया है। इस योजना के जरिये कई निवेशकों को कथित तौर पर ठगा गया है, अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संघीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के लिए मुंबई पुलिस (शिवाजी पार्क पुलिस थाने) की प्राथमिकी का संज्ञान लिया है। बाद में यह मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, 'टोरेस' आभूषण ब्रांड के स्वामित्व वाली एक निजी फर्म द्वारा संचालित पॉन्जी योजनाओं में अब तक 1,916 निवेशकों ने धोखाधड़ी की शिकायत की है।




### 38 करोड़ की धोखाधड़ी की जांच शुरू

यह घोटाला तब प्रकाश में आया, जब इस महीने की शुरुआत में सैकड़ों निवेशक दादर (पश्चिम) में टोरेस वास्तु सेंटर बिल्डिंग में स्थित आभूषण ब्रांड के स्टोर पर एकत्र हुए, क्योंकि कंपनी ने उन्हें वादा की गई रकम का भुगतान करना बंद कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें उज्बेकिस्तान के नागरिक तजागुल जासातोव, रूसी नागरिक वेलेंटिना गणेश कुमार और सर्वेश सुर्वे शामिल हैं। सभी अब तक कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी थे।

### ईडी द्वारा पूछताछ की संभावना

पुलिस ने आरोपी की और रिमांड की मांग करते हुए कहा कि वर्तमान में घोटाले का आकार 38 करोड़ रुपये तक हो गया है, और जांच आगे बढ़ने पर राशि और बढ़ने की उम्मीद है। उम्मीद है कि ईडी उनसे पूछताछ करेगी और कथित पॉन्जी घोटाले की गहराई में जाने के लिए अतिरिक्त "साक्ष्य" भी जुटाएगी। सूत्रों ने बताया कि वह पूछताछ के लिए कुछ लोगों को तलब भी कर सकती है।

### लुकआउट सर्कुलर जारी

पुलिस ने 11 अन्य लोगों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया है, जिनमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जो फरार बताए जा रहे हैं।

### धोखाधड़ी के तरीके

जांचकर्ताओं ने कहा है कि टोरेस ज्वेलरी ब्रांड के प्रवर्तकों ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कार, फ्लैट, गिफ्ट कार्ड आदि देने का वादा किया था।

## दिल्ली चुनाव में RSS ने संभाली कमान



**एजेंसी । मुंबई**

दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार में बीजेपी के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी जमीन पर उतर चुका है। सोमवार को आरएसएस पदाधिकारियों और दिल्ली बीजेपी नेताओं के साथ लंबी बैठक हुई। इस बैठक में चुनाव की दृष्टि से पार्टी और संघ द्वारा चलाए जा रहे ओवरऑल चुनावी कार्यक्रमों की विस्तृत बातचीत हुई। उन 59 सीटों पर भी समीक्षा हुई जहां बीजेपी ने अब तक उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में अब तक बीजेपी द्वारा जारी 59 टिकटों में से A, B+, C और D कैटेगरी की सीटों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में C कैटेगरी में आ रही 32-33 सीटें पर पार्टी और कार्यकर्ताओं को अत्यधिक जोर लगाने की जरूरत पर बल दिया गया। A कैटेगरी में कन्फर्म जीतने वाली सीटों को रखा जाता है। जबकि B+ में बीजेपी की अपर एज वाली सीटों को रखा जाता है। C कैटेगरी में प्रतिद्वंदी के साथ कांटे की टक्कर वाली सीटों को रखा जाता है। जबकि D में कमजोर सीटों को रखा जाता है। जानकारी के अनुसार संघ के अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा हुई कि चुनाव की दृष्टि से अब तक क्या क्या प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। उसमें कितनी सफलता मिली है। अब तक ड्राइंग रूम बैठकें कितनी हुईं और


दोपहर

यदि आपको **दो बजे दोपहर** अख़बार में विज्ञापन देना हो तो संपर्क करें

**9892161162**


### सर्राफा

| | |
|---|---|
| चांदी (.999) | 88,400 |
| सोना स्टैंडर्ड | 78,025 |

### मौसम

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 30.0 | 56% |

| | | |
|---|---|---|
| सूर्यास्त | बुधवार | 06:21 बजे |
| सूर्योदय | गुरुवार | 07:15 बजे |

## मंत्री धनंजय के सहयोगी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया, मकोका के तहत मामला दर्ज

**दीपक पवार । बीड**



महाराष्ट्र सरकार में राकांपा कोटे से मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मीक कराड पर हत्या के एक मामले में मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल आफ आर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट) लगने के बाद बीड जिले में तनाव पैदा हो गया है। उसके समर्थकों ने बीड बंद का आह्वान किया है, और सड़क टायर जलाने शुरू कर दिए हैं। नौ दिसंबर को बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सभी दल एकजुट होकर मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मीक कराड की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। कराड ने करीब 10 दिन पहले सीआईडी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बावजूद बीड में सभी दलों के नेता एकजुट होकर इस मामले में मंत्री धनंजय मुंडे का इस्तीफा भी मांग रहे हैं। मंगलवार को सरपंच हत्याकांड में बीड के केज पुलिस थाने में सात लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया, और कराड पर मकोका के तहत मामला दर्ज कर उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### वाल्मीक कराड पर मकोका लगाने की उठी थी मांग

इससे पहले कराड पर जबरन वसूली का ही मामला दर्ज किया गया था, जबकि मारे गए सरपंच के परिजन उस पर मकोका के तहत मामला दर्ज करने की मांग कर रहे थे। कराड पर मकोका के तहत मामला दर्ज होने की खबर बाहर आते ही कराड की मां पारूबाई कराड एवं उसकी पत्नी ने परली पुलिस थाने के बाहर धरना देना शुरू कर दिया। पारूबाई ने कहा है कि उसके बेटे को जातिवादी राजनीति का शिकार बनाया जा रहा है।

# अब तीसरी आंख रखेगी हर गतिविधि पर नजर

**शहर में 260 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे**

सुरेश चौहान । उल्हासनगर

ठाणे पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार, उल्हासनगर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए 5 जनवरी से कुल 260 सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया है। इन कैमरों का नियंत्रण महानगरपालिका मुख्यालय और पुलिस मुख्यालय के लिए बनाए गए नियंत्रण कक्ष से किया जाएगा।



### 5 पुलिस स्टेशनों में लगेगा सीसीटीवी नेटवर्क

उल्हासनगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 5 पुलिस स्टेशन क्षेत्रों में कुल 260 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जबकि अंबरनाथ और बदलापुर में 150 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने इस जानकारी का खुलासा किया।

### पुलिस और मनपा का संयुक्त प्रयास

पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, प्रभारी आयुक्त जमीर लेंगरेकर, अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवास, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली और शहर अभियंता तरुण शेवकानी की देखरेख में यह काम किया जाएगा।

### कानून व्यवस्था में सुधार की उम्मीद

इस सीसीटीवी नेटवर्क के लगने से अपराधों पर कड़ी निगरानी रखी जा सकेगी और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी नियंत्रण पाया जाएगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहर में 24 घंटे की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिससे अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

**नियंत्रण कक्ष :** सीसीटीवी कैमरों का नियंत्रण महानगरपालिका और पुलिस मुख्यालय में बनाए गए नियंत्रण कक्ष से किया जाएगा, जिससे शहर की पूरी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा सकेगी।

### संवेदनशील इलाकों में विशेष फोकस

शहर के संवेदनशील इलाकों, चौकों और मुख्य सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए पोल लगाने हेतु खड्डे खोदने होंगे, जिसके लिए महानगरपालिका से अनुमति प्राप्त की जाएगी। पुलिस निरीक्षक मिलिंद बिरारे और मनपा अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने इस योजना पर चर्चा की है।

# कल्याणकारी योजनाओं के लिए राशनकार्ड को मिली अनुमति

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

मनपा के महिला व बाल कल्याण विभाग की ओर से मनपा क्षेत्र के अंतर्गत गरीब और जरूरतमंद महिलाओं के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं में कुछ के लिए आय प्रमाण पत्र अनिवार्य था, लेकिन सांसद नरेश म्हस्के के अथक प्रयास के बाद इस शर्त को बदल दिया गया है।



### राशन कार्ड को स्वीकार करने की स्वीकृति

सांसद नरेश म्हस्के ने मनपा आयुक्त सौरभ राव से इस शर्त को रद्द कर आय प्रमाण पत्र की जगह राशन कार्ड स्वीकार करने का अनुरोध किया। सांसद म्हस्के के इस अनुरोध को मनपा आयुक्त राव ने स्वीकार कर लिया है। अब मनपा के सभी योजनाओं का अधिक लाभ लाभार्थियों को मिलेगा। इस विषय को लेकर सांसद नरेश म्हस्के ने आज मनपा आयुक्त सौरभ राव से मुलाकात कर चर्चा की।

### पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे और राम रेपाले की उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे और पूर्व स्थायी समिति सभापति राम रेपाले भी उपस्थित थे। मनपा महिला बाल कल्याण विभाग की ओर से गरीब और जरूरतमंद महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाओं के लिए आय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता थी। लेकिन इस नई व्यवस्था से अधिक महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठा सकेंगी।

## खबर संक्षेप

### मकर संक्रांति पर कुष्ठ रोगियों को खाद्य सामग्री का वितरण



ठाणे। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर परोपकार महिला समिति की ओर से शहर के गांधी नगर क्षेत्र में कुष्ठ रोगियों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। यह वितरण सांसद नरेश म्हस्के के मार्गदर्शन में किया गया, और 200 किट का वितरण आशुतोष नरेश म्हस्के के हाथों से संपन्न हुआ। आशुतोष नरेश म्हस्के ने परोपकार संस्था की सराहना करते हुए कहा कि संस्था प्रत्येक महीने जरूरतमंदों को अन्न वितरण करती है। उन्होंने यह भी बताया कि सांसद नरेश म्हस्के और शिवसैनिक हमेशा इस तरह की सामाजिक गतिविधियों में सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

### लोकतंत्र दिवस पर 5 आवेदन हुए प्राप्त



**नवी मुंबई।** कोंकण मंडल में लोकतंत्र दिवस के अवसर पर कोंकण भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर आयुक्त (सामान्य प्रशासन) संजीव पलांडे ने की। इस दौरान नागरिकों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें उचित कार्रवाई के लिए संबंधित कार्यालयों में भेज दिया गया। कोंकण संभागीय स्तर पर अब तक आयोजित लोकतंत्र दिवस कार्यक्रमों में प्राप्त लंबित आवेदनों की कुल संख्या 11 है, और आज 5 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार, अब तक कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1 आवेदन का निस्तारण किया गया है। वर्तमान में 15 आवेदन लंबित हैं। कार्यक्रम में प्रमंडल स्तर के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने नागरिकों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए उनकी मदद की।

# 'जनहित में अधिकतम हों महापालिका की सेवाएं'

## केडीएमसी आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ का निर्देश

सुशील सिंह । कल्याण

महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ ने एक महत्वपूर्ण बैठक में निर्देश दिया कि महापालिका की सेवाएँ जनहित में अधिकतम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के लिए शासन के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए एक सौ दिनों की कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए, जिस पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। यह निर्देश माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

### सुव्यवस्थित अभिलेख और कार्यालय सुधार की योजना



बैठक में आयुक्त ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने कार्यालयों में अभिलेखों का वर्गीकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता न होने पर अभिलेखों को जांच के बाद उचित प्रक्रिया के अनुसार नष्ट किया जाना चाहिए। अभिलेख कक्ष को सुव्यवस्थित रखने और आवश्यक अभिलेखों के उचित संरक्षण पर भी जोर दिया गया। साथ ही, अनावश्यक सामग्री और कबाड़ का उचित तरीके से निपटारा करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

### स्वच्छ और नागरिकों के अनुकूल कार्यालय वातावरण

आयुक्त ने अधिकारियों को अपने कार्यालयों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यालयों को नागरिकों के अनुकूल बनाया जाना चाहिए, ताकि वे आसानी से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आ सकें। इसके अतिरिक्त, कार्यों के शीघ्र निपटारे के लिए उप अभियंता स्तर पर कुछ वित्तीय अधिकार दिए जाने की बात भी कही गई।

### नागरिकों से संवाद और पुन: बैठक

डॉ. जाखड़ ने नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से मिलने का समय निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बैठक में हुई कार्यवाही की जानकारी लेने के लिए कुछ दिनों के भीतर पुन: बैठक आयोजित करने का संकेत दिया। महापालिका आयुक्त ने नागरिकों की सेवा में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया है, जिससे जनहित में सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके।

# केडीएमसी में अब ऑनलाइन मिलेगी इमारतों के निर्माण अनुमति

## अवैध निर्माण पर काबू पाने के लिए नगर निगम की नई पहल

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

कल्याण-डोंबिवली नगर निगम ने अवैध निर्माण की समस्या से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब से नगर निगम क्षेत्र में इमारतों के निर्माण की अनुमति केवल ऑनलाइन माध्यम से ही दी जाएगी। यह कदम नागरिकों को घर खरीदते समय धोखाधड़ी से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### ऑनलाइन क्यूआर कोड के माध्यम से अनुमति की वैधता जांचने की सुविधा

नगर निगम आयुक्त डॉ. इंदुराणी जाखड़ ने बताया कि नागरिक अब निर्माण अनुमति का क्यूआर कोड स्कैन करके यह जान सकेंगे कि दी गई अनुमति वैध है या नहीं। इससे नागरिकों को अवैध निर्माण के शिकार होने से बचने में मदद मिलेगी।



### ऑनलाइन निर्माण अनुमति प्रक्रिया से पारदर्शिता बढ़ेगी

पहले, नगर निगम में निर्माण अनुमति के लिए दस्तावेज़ों को हस्तलिखित तरीके से स्वीकार किया जाता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। सहायक निदेशक सुरेंद्र टेंगळे ने कहा कि निर्माण योजना प्रबंधन प्रणाली (बीपीएमएस) का उपयोग किया जाएगा, जो राज्य सरकार के महा-आईटी के नियंत्रण में कार्यरत है।

### नई प्रणाली से नागरिकों को मिलेगी अधिक सुविधा

डोंबिवली में आयोजित एक शिविर में तकनीकी समस्याओं का समाधान किया गया। अब से, टीडीआर भी ऑनलाइन उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, नगर निगम की क्यूआर कोड वाली निर्माण अनुमति महारेरा की वेबसाइट से भी जुड़ी होगी, जिससे नागरिकों को और अधिक सुविधा मिलेगी। इस पहल से नागरिकों को घर खरीदने में धोखाधड़ी से बचने में मदद मिलेगी, और वे घर बैठे ही निर्माण अनुमति की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। आयुक्त डॉ. इंदुराणी जाखड़ और सहायक निदेशक टेंगळे ने इस महत्वपूर्ण कदम के लिए सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन की दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश



डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

कोंकण संभागीय राजस्व आयुक्त डॉ. राजेश देशमुख ने कोंकण भवन में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस द्वारा निर्धारित सात सूत्रीय कार्य कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। यह कार्य कार्यक्रम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल बनाने (ईज ऑफ लिविंग) पर केंद्रित है। डॉ. राजेश देशमुख ने कोंकण भवन के प्रथम तल पर आयोजित एक समीक्षा बैठक में इस कार्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन की स्थिति पर चर्चा की। बैठक में अपर आयुक्त (सामान्य शाखा) संजीव पलांडे, अपर आयुक्त (राजस्व) नितिन महाजन, संयुक्त आयुक्त (पुनर्वास) अमोल यादव और कोंकण भवन के सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कार के कुचलने से कुत्ते के पिल्ले की मौत, केस दर्ज

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के कल्याण रोड स्थित साईं बाबा मंदिर के पास सोमवार को एक कार चालक ने 5 से 6 महीने के कुत्ते के पिल्ले को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की शिकायत ठाणे के पश्चिम निवासी सुशील सुरेश शिंदे ने शांतिनगर पुलिस से की है।



**पूरा मामला**

सुशील शिंदे ने अपनी शिकायत में बताया कि सोमवार की दोपहर 3:30 बजे साईं बाबा मंदिर के पास पद्मदिशा पैराडाइज बिल्डिंग के सामने एक तपकिरी रंग की कार के चालक मोनीष कोंडा ने कुत्ते के पिल्ले को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में पिल्ले की तुरंत मौत हो गई। जब शिंदे ने इस घटना के बारे में कार चालक मोनीष कोंडा के काका और काकी से बात करने का प्रयास किया, तो उन्होंने शिंदे को धमकी देकर वहां से भगा दिया।

### कानूनी कार्रवाई

इस घटना के बाद शांतिनगर पुलिस ने मोनीष कोंडा और उसके काका-काकी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 325, 351(2), और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की जांच पुलिस हवलदार जगताप कर रहे हैं। यह घटना पशुओं पर क्रूरता के खिलाफ बनाए गए नियमों का उल्लंघन करती है और इसे लेकर पुलिस कार्रवाई जारी है।

गायकवाड गोलीबारी प्रकरण

# महेश गायकवाड ने आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिसकर्मियों को 25,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा

**मुख्यमंत्री सहायता निधि में जमा होगा इनाम**

सुशील सिंह । कल्याण

कल्याण पूर्व नगरसेवक महेश गायकवाड ने मीडिया के सामने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि गोलीबारी प्रकरण में आरोपी वैभव गायकवाड को पकड़ने वाले पुलिसकर्मियों को 25,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। यह राशि मुख्यमंत्री सहायता निधि में जमा की जाएगी।

### सीसीटीवी फुटेज के बावजूद गिरफ्तारी नहीं, महेश गायकवाड ने भाजपा और पुलिस पर आरोप लगाए



महेश गायकवाड ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज जैसे ठोस सबूत होने के बावजूद पुलिस अभी तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। यह स्पष्ट है कि भाजपा का पदाधिकारी होने के कारण पुलिस पर दबाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि वैभव गायकवाड को पार्टी से हटाया नहीं गया है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी में ढिलाई बरत रही है।

### पिछले साल हुआ था जानलेवा हमला

महेश गायकवाड पर पिछले वर्ष जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें भाजपा विधायक गणपत गायकवाड पर आरोप लगा था। यह मामला भूमि विवाद के चलते उत्पन्न हुआ था, जिसके बाद गणपत गायकवाड ने महेश गायकवाड पर गोलीबारी की।

### गणपत गायकवाड को जेल में विशेष सुविधाएं मिलने का आरोप

गायकवाड ने यह भी कहा कि विधायक गणपत गायकवाड तळोजा जेल में रहते हुए चेकअप के नाम पर जे. जे. अस्पताल जाते हैं और वहां से मुंबई घूमते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ अत्याचार करने वाले आरोपी विशाल गवळी को भी भाजपा से संबंध होने के कारण विशेष सुविधाएं दी हैं। महेश गायकवाड ने भाजपा और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले में न्याय की मांग जारी रहेगी।

# रावजीनगर में अवैध निर्माणों की भरमार

शरीफ अंसारी। । भिवंडी

भिवंडी के रावजीनगर इलाके में अवैध निर्माणों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि मनपा के प्रभाग समिति दो के अधिकारी इस मामले में पूरी तरह से निष्क्रिय हैं। प्रशासक और मनपा आयुक्त द्वारा अवैध निर्माणों पर कड़ी कार्रवाई के आदेश देने के बावजूद, इन अवैध इमारतों का निर्माण खुलेआम किया जा रहा है।



### मनपा अधिकारियों पर कार्रवाई की निष्क्रियता का आरोप

रावजीनगर में डॉ. शफीक सिद्दीकी के दवाखाने के पीछे तीन अवैध इमारतों का निर्माण तेजी से हो रहा है। एक इमारत का छठा स्लैब तैयार किया जा रहा है, जबकि दूसरी इमारत के पांचवे स्लैब का काम शुरू हो चुका है। यह घटनाक्रम उस समय हो रहा है जब आसपास के क्षेत्रों में बकाया घरपट्टी की वसूली के लिए मनपा के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय हैं, लेकिन अवैध निर्माणों की ओर उनकी कोई निगाह नहीं जाती।

### आयुक्त के आदेशों का पालन नहीं होने से अवेध निर्माणों में बढ़ोतरी

मनपा आयुक्त अजय वैद्य द्वारा 25 नवंबर को आयोजित समीक्षा बैठक में सभी प्रभाग समितियों को अवैध निर्माणों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके, प्रभाग समिति दो के सहायक आयुक्त माणिक जाधव और बीट निरीक्षक रमाकांत म्हात्रे द्वारा इस आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। परिणामस्वरूप, रावजीनगर में अवैध निर्माणों की समस्या और भी गंभीर होती जा रही है।



मकर संक्रांति के अवसर पर, उपायुक्त अजय साबले ने उल्हासनगर महानगरपालिका सीमा के अंतर्गत अनाथ/बेघर आश्रय केंद्र का आकस्मिक दौरा किया तथा तिलगुल वितरित कर उनकी समस्याओं को जाना

# दो कंपनियों में सेंधमारी, 2.87 लाख का सामान चोरी

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के नारपोली पुलिस स्टेशन क्षेत्र में दो अलग-अलग कंपनियों में सेंधमारी की घटनाएं हुई हैं। अज्ञात चोरों ने इन कंपनियों से कॉस्टिक सोडा, मोबाइल फोन और नगदी चुराकर फरार हो गए।



### पहली घटना

पुलिस के अनुसार, वलगांव स्थित मानकोली रोड पर वाक्य सोहिल वेयर हाउस कंपनी में जुलाई से दिसंबर 2024 के बीच अज्ञात चोरों ने कंपनी में रखे डी.सी.एम कंपनी के कॉस्टिक सोडा के 90 बैग चुरा लिए। इन बैग्स की कुल कीमत 2,07,000 बताई जा रही है। कंपनी मालिक मुकेश रतीभाई वखारिया की शिकायत पर नारपोली पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### दूसरी घटना

इसी तरह, शनिवार से रविवार के बीच मानकोली के दापोडा स्थित हरिहर कॉम्प्लेक्स में गीता एल्यूमीनियम कंपनी के गोदाम में अज्ञात चोर ने पीछे के पत्रा को हटा कर गोदाम में प्रवेश किया और वहां रखे 82,000 कीमत के दो मोबाइल फोन और नगदी चुरा ली। कंपनी के सुपरवाइजर उत्तम रमेश लांजेकर की शिकायत पर नारपोली पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

कुर्ला बेस्ट बस हादसा

# ड्राइवर की लापरवाही से हुआ था हादसा

## कोर्ट ने आरोपी को नहीं दी जमानत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई के कुर्ला इलाके में पिछले महीने हुए BEST बस हादसे में कोर्ट ने चालक की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि यह हादसा चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार ड्राइविंग के कारण हुआ था, बस में किसी भी तकनीकी या मैकेनिकल खराबी का कोई सबूत नहीं है। सेशन कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश वी एम पठाडे ने 10 जनवरी को आरोपी चालक संजय मोरे (54) की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (RTO) की रिपोर्ट के अनुसार बस में कोई मैकेनिकल खराबी नहीं थी।




### ड्राइवर की लापरवाही से हुआ हादसा

कोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि बस में किसी तकनीकी या ब्रेक फेल की वजह से यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ। आरोपी ने न केवल बस में मौजूद यात्रियों की जान खतरे में डाली, बल्कि सड़क पर मौजूद अन्य लोगों की जान भी जोखिम में डाली। यह हादसा 9 दिसंबर को कुर्ला रेलवे स्टेशन के पास हुआ था, जब BEST की इलेक्ट्रिक बस ने भीड़भाड़ वाले इलाके में कई पैदल यात्रियों और वाहनों को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा लोग घायल हुए।

### कोर्ट ने आरोपी को जमानत देने से इनकार किया

ड्राइवर को उसी रात गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी ने जमानत याचिका में दावा किया था कि हादसा बस में अचानक आई तकनीकी खराबी की वजह से हुआ, लेकिन RTO की रिपोर्ट ने इस दावे को खारिज कर दिया। कोर्ट ने मामले की गंभीरता और अपराध की प्रकृति को देखते हुए आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया।

# साल भर बाद भी अटल सेतु को नहीं मिला पीक रिस्पॉन्स

## हर दिन गुजरे 23,000 से भी कम वाहन, 1 लाख गाड़ियों की क्षमता

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई और नवी मुंबई को जोड़ने वाले देश के सबसे लंबे समुद्री पुल अटल सेतु को शुरू हुए साल भर हो गया है। वहीं भारत के सबसे लंबे समुद्री पुल अटल सेतु पर प्रतिदिन 23,000 से भी कम वाहनों का औसत आवागमन दर्ज किया गया, जबकि आरंभ में अटल सेतु से प्रतिदिन 56,000 से अधिक वाहनों के आवागमन का अनुमान जताया गया था। इस बाबत प्रधानमंत्री मोदी ने एक साल पहले बीते 12 जनवरी, 2024 को लगभग 22 किलोमीटर लंबे इस पुल का उद्घाटन किया था, जो मुंबई के शिवड़ी को नवी मुंबई के चिर्ले से जोड़ता है। यह पुल महाराष्ट्र में एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना के पूरा होने का प्रतीक है।



### क्या हुआ ट्रैफिक फ्री होने के दावे का ?

जानकारी दें कि, अटल सेतु के खुल जाने के बाद मुंबई की ट्रैफिक में बड़े बदलाव होने का बात भी कही गई थी, लेकिन साल बीत जाने के बाद भी मुंबई का ट्रैफिक का हाल जस का तस है, इसमें व्यापक सुधार नहीं आया है। दरअसल अटल सेतु के बनने के पहले मुंबई से नवी मुंबई के बीच सफर ट्रैफिक फ्री होने का दावा हुआ था, लेकिन अब भी इस रूट पर गाड़ियों की लंबी कतारें नजर आती हैं। अटल सेतु पर टोल अधिक होने के चलते अब भी वाहन चालक यात्रा के लिए पुराने रूट का ही इस्तेमाल करते दिख रहे हैं।

# 'कांग्रेस को करना चाहिए एनडीए जैसा त्याग'

## संजय राउत को आई बीजेपी के साथ जुगलबंदी की याद, कांग्रेस को दी नसीहत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बयान के बाद विपक्षी भारत ब्लॉक की प्रासंगिकता पर बहस शुरू हो गई है। इस गठबंधन का हिस्सा शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत ब्लॉक बनाने के मकसद पर बात की और साथ ही कांग्रेस को सलाह दी कि उसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से सीख लेनी चाहिए। संजय राउत ने उन दिनों को भी याद किया जब उनकी पार्टी भी भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा थी। संजय राउत ने कहा कि भारत ब्लॉक का गठन लोकसभा के लिए हुआ था लेकिन हमें इसे बनाए रखना चाहिए। उन्होंने चुनावी राज्य केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली का जिक्र करते हुए कहा कि अगर यह गठबंधन वहां भी दिखता तो बेहतर होता।



### कांग्रेस को करना चाहिए त्याग

संजय राउत ने सलाह दी कि सभी राजनीतिक दलों को समझौता करना चाहिए, खासकर बड़ी पार्टियों को। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद ने एनडीए में शिवसेना के दिनों को याद करते हुए कांग्रेस को भाजपा से सीख लेने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह (बलिदान) वैसा ही है जैसा भाजपा तब करती थी जब हम एनडीए में थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भी ऐसा ही त्याग करना चाहिए।

### मोहन भागवत पर पलटवार

संजय राउत ने कहा कि वहां हमेशा बातचीत चलती रहती थी। उन्होंने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर भी पलटवार किया। संजय राउत ने कहा कि आरएसएस रामलला को लेकर नहीं आया। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत ने संविधान नहीं लिखा है। वह जो कह रहे हैं, वह गलत है। हमने उनके लिए लड़ाई लड़ी है और यह इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

# शेलार ने शरद पवार पर लगाया अविश्वास की राजनीति करने का आरोप

मुंबई। विश्वासघात की राजनीति के जनक शरद पवार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना करते हुए अपना संतुलन खो बैठे हैं। मुंबई भाजपा अध्यक्ष और राज्य सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार ने 14 जनवरी को तीखा हमला करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मतदाताओं ने धोखा देने की आपकी राजनीति के कारण आपको सबक सिखा दिया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में एड. शेलार बोल रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा संयोजक विश्वास पाठक और भाजपा के प्रदेश मीडिया विभाग प्रमुख नवनाथ बान भी उपस्थित थे। मंत्री शेलार ने कहा कि वरिष्ठ नेता शरद पवार ने 'पुलोद' के निर्माण की बात करते हुए स्वीकार किया कि वे जनसंघ के बल पर मुख्यमंत्री बने। लेकिन इस सरकार को बनाने से पहले, महाराष्ट्र की जनता के सामने यह सच सामने आ जाने दीजिए कि आपने किस तरह का विश्वासघात और छल उत्पन्न किया है।

### इशारों में दे दी चेतावनी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से बरी कर दिया गया है। हालांकि, अगर आप अदालत के फैसले की अनदेखी करके अमित शाह की आलोचना करते हैं, तो इस बात पर चर्चा करने का समय न आने दें कि अदालत ने 'लवासा' से लेकर कई मामलों में किस पर उंगली उठाई है। एडवोकेट शेलार ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना में पवार साहब की राजनीतिक हीन भावना उजागर हो गई है, यही वजह है कि वह मोदी की भी आलोचना कर रहे हैं

### पीएम मोदी ने पहले ही कर दी थी घोषणा

2019 के विधानसभा चुनाव के बाद यह देखा गया है कि पवार ने उद्धव ठाकरे को विश्वासघात की राजनीति में प्रशिक्षित किया है। शेलार ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने इस बार विश्वासघात की राजनीति का जवाब वोट के माध्यम से दिया है।

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि निविदा सूचना सं म.रे/म.रे.प्र (कार्य)बीबी– 2024/30 में अ.क्र. 08. और 09 जिन्हें 17.01.2025 तक स्थगित कर दिया गया था अब प्रशासनिक कारणों से 24.01.2025 को खुलेगी।

**Notice No: BB/W/Box pushing/rock fall barrier//NE/WR Date:09/01/2025**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे 689

# मुंबई में घर खरीदने वाली महिलाओं को मिलेगी 2 लाख रुपए की छूट



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में रियल एस्टेट कंपनियों के निकाय क्रेडाई-एमसीएचआई मकान खरीदने वाली महिलाओं को दो लाख रुपए तक की अतिरिक्त छूट देंगी। यह छूट मुंबई में 17 से 19 जनवरी को होने वाले संपत्तियों की प्रदर्शनी में बिल्डरों की तरफ से दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के अलावा होगी। क्रेडाई-एमसीएचआई (कनफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशंस ऑफ इंडिया-महाराष्ट्र चैंबर ऑफ हाउसिंग इंडस्ट्री) मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 32वीं संपत्ति और आवास वित्त प्रदर्शनी आयोजित कर रहा है। संगठन मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में 2,100 से अधिक रियल एस्टेट कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।

### 100 से अधिक कंपनियां होंगी शामिल

प्रदर्शनी में 100 से अधिक कंपनियां शामिल होंगी। ये कंपनियां 5,000 से अधिक स्थानों पर 500 से अधिक परियोजनाओं का प्रदर्शन करेंगी। ये कंपनियां हर जरूरत और बजट को ध्यान में रखकर आवास विकल्पों की एक श्रृंखला पेश करेंगी। इसके अतिरिक्त, घरेलू वित्तपोषण समाधान की सुविधा के लिए 25 से अधिक वित्तीय संस्थान मौजूद रहेंगे। क्रेडाई-एमसीएचआई के अध्यक्ष डोमिनिक रोमेल ने कहा, इस साल की प्रदर्शनी घर खरीद को आसान बनाने में एक मील का पत्थर है। विवक रियल एस्टेट मॉल में 10 मिनट में अपना मकान बुक करें पहल प्रक्रिया को सरल बनाती है। क्रेडाई राष्ट्रीय के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि प्रदर्शनी हमारे उद्योग की नवीन और समावेशी भावना का उदाहरण है।

### 19 जनवरी को प्रदर्शनी में पिंक संडे का आयोजन

पहली बार, 19 जनवरी को प्रदर्शनी में पिंक संडे का आयोजन किया जाएगा। यह महिलाओं को अपने नाम पर घर खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने की एक पहल है। क्रेडाई-एमसीएचआई महिला आवास योजना के तहत, महिला घर खरीदारों को दो लाख रुपए तक की अतिरिक्त छूट देगा। यह छूट संबंधित कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के अलावा है।

# मुंबई में दूसरे घर का सपना बनेगा आसान

## एक घर रखने वाले भी कर सकेंगे आवेदन

## शिरसाट ने कठिन शर्तों में ढील के संकेत दिए

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई में घर खरीदने की राह आसान होगी। राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री और सिडको के चेयरमैन संजय शिरसाट ने घर खरीदने की शर्तों में बदलाव करने के संकेत दिए हैं। अगर ऐसा हुआ तो सिडको के घरों की कीमतें भी कम होंगी और जिनके पास घर है वे भी घर खरीदने के लिए पात्र हो जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के नेता संजय शिरसाट ने कहा है कि घरों के लिए कई कठिन शर्तों में ढील देने पर विचार कर रहे हैं। इसमें एक मकान होने पर भी दूसरा मकान खरीदने की शर्त को हटाने का विषय भी शामिल है। शिरसाट ने कहा कि जल्द ही बोर्ड बैठक में निर्णय लिया जाएगा। शिरसाट महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) पश्चिम से विधायक हैं। सिडको के घरों की कीमतें अधिक होने पर सोशल मीडिया पर आलोचना भी सामने आई थी।

### क्या बोले संजय शिरसाट?



फडणवीस सरकार में सामाजिक न्याय विभाग संभाल रहे संजय शिरसाट ने कहा है कि खारघर में मकानों की कीमत अधिक है। कुछ स्थानों पर सिडको मकानों की कीमतें कम की जानी चाहिए। इससे सिडको को थोड़ा नुकसान होगा, लेकिन आम लोगों को कर्ज लेने में दिक्कत नहीं होगी। हम अगली बोर्ड बैठक में दरों के बारे में अच्छा निर्णय लेंगे। शिरसाट ने कहा कि सिडको के घर खरीदते समय कई शर्तें होती हैं। सिडको की ऐसी ही एक शर्त है कि अगर किसी के पास पहले से ही एक घर है, तो वह दूसरा घर नहीं खरीद सकता?

### शर्तों में ढील की आवश्यकता

शिरसाट ने कहा कि उन्होंने कहा कि परिवार बढ़ रहा है इसलिए बेटे को मकान का मालिक बनने से रोकने वाली शर्तों में ढील दी जानी चाहिए। शिरसाट ने कहा कि निवास प्रमाण पत्र के लिए शर्त यह है कि व्यक्ति 15 वर्षों से वहां का निवासी हो, उसके पास वोटर कार्ड और आधार कार्ड है और वह यहीं स्कूल गया है लेकिन फिर भी वह घर नहीं खरीद सकता जबकि ऐसी नीति होनी चाहिए। जिससे कोई भी अपना घर खरीद सके। शिरसाट ने कहा कि वे उन शर्तों में भी ढील देने का प्रयास करेंगे। सिडको ने मंगलवार रात विभिन्न नो में विभिन्न आवास परियोजनाओं में 26,000 घरों की कीमतों की घोषणा की थी। अभी तक 26 हजार घरों के लिए मात्र 55 हजार आवेदक मिले हैं। घरों की कीमत 25 लाख से 97 लाख तक है।

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा क्रमांक 36245012 विभाग/रेलवे।** स्टोर/मध्य रेलवे **समापन :** 14.01.2025 **निविदा शीर्षक :** 5000 केवीए, 22 केवी, 3 चरण ओएनएएन पावर ट्रांसफॉर्म की आपूर्ति **संशोधनों : 1) एनआईटी हेडर : फील्ड का नाम :** निविदा बंद होने की तिथि/समय **मौजूदा मान :** 09.01.2025 / 11.30 पूर्वाह्न **संशोधित मान :** 14.01.2025 / 11.30 पूर्वाह्न

Apex-686 **कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**इंजीनियरिंग कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008, **ई-टेंडर सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/261 दिनांक 13/01/2025 आमंत्रित करता है; कार्य और स्थान:** (i) विरार - जोरवासन सेक्शन. सीटीआर (पी) = 6.53 टीकेएम, टीएसआर (पी) = 25.00 टीकेएम और टीआरआर (पी) = 0.52 टीकेएम। (ii) विरार - सूरत - टीटीआर (सीएस) - 48 सेट, टीटीआर (सीएमएससी) 7 सेट, एसईजे - 48 नं., पी एंड सी स्लीपर केवल 167 और टीएफआर (पी एंड सी) - 193 (केवल जीआरपीएस)। (iii) विरार - जोरवासन - टीएफआर - 22.138 टीकेएम। समग्र निविदा (सिविल + एस एंड टी); **कार्य की अनुमानित लागत:** 6,38,57,065.72; **ईएमडी:** 469300.00; **प्रस्तुत करने की तिथि और समय:** 07/02/2025, 15:00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समय:** 07/02/2025 को 15:30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं। **0965**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन बिल्डिंग, मुंबई-400020

रिक्त अधिसूचना सं.: एमआरवीसी/ई/जेजीएम(सिविल)/2/2025 दिनांक 13.01.2025

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा **"संयुक्त महाप्रबंधक (सिविल)"** के 02 पदों को अनुबंध के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। मेल द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12.02.2025 है। अधिक जानकारी वेबसाइट **https://mrvc.indianrailways.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है । शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।

**मध्य रेल**

**ई-नीलामी के माध्यम से परिसंपत्तियों का पट्टा**

मुंबई मंडल, मध्य रेलवे ने ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर नीचे दी गई संपत्तियों कि लीजिंग के लिए ई-नीलामी का आवाहन किया है । **इच्छुक बोली दाताओंको ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल में पंजीकृत होना आवश्यक है और ई-नीलामी से पहले सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे ।** अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि नीचे उल्लिखित ई-नीलामी के विवरण जानने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें ।

| क्रमांक | श्रेणी | उपश्रेणी | नीलामी प्रारंभ |
|---|---|---|---|
| 1 | Advertising | Advertising on Station Both (RDN-non digital /RDN-Digital) | 24.01.2025 |
| | | OOH | 23.01.2025 |
| | | ATMs | 17.01.2025 |
| | | Promokiosk at 2-CSMT, 1-TNA | 17.01.2025 |
| 2 | Pay & Parking | Mixed | 21.01.2025 |
| 3 | Parcel | 09RSLRLHB, 13SLR | 20.01.2025, 22.01.2025 27.01.2025, 04.02.2025 05.02.2025 |

इसके अलावा विषय नीलामी के संबंध में, परिशिष्ट/शुद्धिपत्र, लॉट/कैटलॉग की वापसी, नीलामी की तिथि या समय में परिवर्तन, विस्तार, स्पष्टीकरण आदि, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा । बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रुप से वेबसाइट पर जाना चाहिए ।

Apex-688 **डीआरएम (सी), सीएसएमटी**

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**

**(महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक क्षेत्रीय इकाई)**

म्हाडा MHADA

**टेलीफोन नं. -022-66405484 ई-मेल-eecityslum@gmail.com**

**संदर्भ संख्या. ई़/सिटी/एमएसआईबी/ई-टेंडर/68/2024-25**

**ई-निविदा सूचना संख्या 68**

कार्यकारी अभियंता (सिटी) डिवीजन, मुंबई स्लम सुधार बोर्ड, (म्हाडा की इकाई) **कमरा नंबर 539, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 फोन नंबर (022) 66405484** पंजीकृत ठेकेदारों से संबंधित उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदार या किसी सरकारी/अर्ध सरकारी संगठन से ऑनलाइन ई-टेंडरिंग सिस्टम के माध्यम से बी-1 (प्रतिशत दर) के रूप में 12 कार्यों के लिए खुली/नियमित ई-टेंडर आमंत्रित कर रहा है। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** से उपलब्ध होंगे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज बिक्री दिनांक **15.01.2025, प्रातः 10.05 बजे** से शुरू होकर दस्तावेज बिक्री समाप्ति दिनांक **29.01.2025, सायं 5.35 बजे** तक होगी। शुद्धिपत्र संशोधन यदि कोई हो तो केवल **https://mahatenders.gov.in** वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

Follow us:@mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/23

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (शहर),
एम. एस. आई. बी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण

संपादकीय

# आस्था का अनूठा संगम

प्रयागराज के संगम पर आयोजित होने वाला दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम आज मकर संक्रांति पर पहले शाही स्नान से परवान चढ़ेगा। विराट आस्था का प्रतीक यह महापर्व सदियों से पूरी दुनिया के लिये कौतुक का विषय रहा है। ह्वेनसांग से लेकर दुनिया के चोटी के पत्रकारों ने आस्था के इस सैलाब को अवर्णनीय बताया है। पूरी दुनिया हैरत में रहती है कि कैसे बिना चिट्ठी-तार के करोड़ों लोग महाकुंभ में जुटते हैं। संतों के अखाड़े और श्रद्धालुओं का सैलाब महाकुंभ को विशिष्ट बनाता है। देश के कोने-कोने से जुटे कल्पवासी गंगा,जमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर मोक्ष की आकांक्षा से जुटते हैं। अनुमान है कि इस बार 40 से 45 करोड़ लोग डेढ़ माह तक चलने वाले महाकुंभ में जुटेंगे। यूं तो पूर्णकुंभ व अर्धकुंभ का आयोजन होता है लेकिन महाकुंभ का आयोजन सिर्फ प्रयागराज में ही आयोजित होता है, जिसके लिये उ.प्र. सरकार ने इस बार सात हजार करोड़ रुपये का बजट रखा है। सही मायनों में ये शासन की प्रशासन क्षमता की भी परीक्षा है कि कैसे 25 सेक्टरों में बंटे इस आयोजन को विघ्न-बाधाओं से मुक्त बनाया जाता है। राजयोग स्नान को शाही स्नान कहा जाता है। पहला शाही स्नान आज मकर संक्रांति को, दूसरा 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीसरा शाही स्नान तीन फरवरी को बसंत पंचमी को आयोजित होगा। 14वीं से 16वीं सदी के बीच आम लोगों व संतों के बीच टकराव टालने के लिये शाही स्नान की परंपरा शुरू हुई थी। कालांतर संतों व अखाड़ों को विशिष्ट सम्मान देने के लिये हाथी, घोड़ों व रथों पर पेशवाई निकाली जानी शुरू हुई, जिसे शाही स्नान की संज्ञा दी गई। सोमवार से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ स्थल पर हर तरफ तंबुओं में बसा एक शहर नजर आ रहा है। जिसकी आबादी दुनिया के कई देशों से अधिक होगी। आस्था के इस संगम पर उत्तर प्रदेश सरकार की प्रशासन क्षमता की भी अगले कुछ सप्ताहों में परीक्षा होने वाली है। यूं तो महाकुंभ के सुचारू संचालन के लिये चप्पे-चप्पे पर बैरिकेडिंग है, सुरक्षा बलों का जमावड़ा है, वज्रवाहन, ड्रोन, बम निरोधक दस्तों के साथ ही एनएसजी के सदस्य मौजूद हैं। लेकिन पहली बार महाकुंभ की सबसे बड़ी खासियत इसका डिजिटल तकनीक से संचालन है। इसीलिए इस महाकुंभ को डिजिटल महाकुंभ भी कहा जा रहा है। जिसके लिये महाकुंभ मेला ऐप, एआई चैटबॉट और क्यूआर कोड का सहारा लिया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। नई तकनीक के माध्यम से खोये लोगों को तलाशने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बारह भाषाओं वाला महाकुंभ मेला ऐप उपलब्ध कराया है। इतना ही नहीं, मेला क्षेत्र में मैपिंग के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने गूगल से भी समझौता किया है। जिससे श्रद्धालु विभिन्न घाटों व मंदिरों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। जिसमें सैकड़ों एआई संचालित कैमरे खासे मददगार होंगे। वहीं दूसरी ओर मेले क्षेत्र की निगरानी में एआई तकनीक की मदद ली जा रही है। सुरक्षा के लिये एंटी ड्रोन तकनीक का भी उपयोग होगा। इस दौरान तेरह हजार विशेष ट्रेनों के संचालन और सात हजार बसों के जरिये श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम बनायी जा रही है। उम्मीद है महाकुंभ का आयोजन निर्विघ्न संपन्न हो सकेगा।

# भूजल स्तर में गिरावट और गुणवत्ता का सवाल

भूजल के स्तर में तेजी से गिरावट व भूजल की गुणवत्ता जहां बड़े खतरे के संकेत हैं, वहीं साफ पेयजल की कमी के भीषण संकट की चेतावनी है। खासकर इसलिए कि धरती पर केवल तीन फीसदी ही मीठा पानी है जो हर जीव को जीवन दान देता है। दरअसल, धरती, समुद्र, उसके खारे पानी और धरती पर उपलब्ध मीठे पानी का निकट का रिश्ता है। जब हम धरती के आकार और उसकी जैव विविधता खासकर पेड़-पौधों से छेड़छाड़ करते हैं तो बारिश, जल प्रबंधन एवं जल उपलब्धता आदि पर व्यापक असर पड़ता है। भूजल भी इससे अछूता नहीं। भूजल का बढ़ता संकट यानी उसके भयावह स्तर तक गिरने का अहम कारण उसका बेतहाशा दोहन है जिसके चलते जमीन की भीतरी परत दिनोंदिन तेजी से सिकुड़ रही है। नतीजतन जमीन के धंसने का खतरा भी बढ़ रहा है। वहीं इससे भूमि की भीतरी परत (एक्वीफायर) की जलधारण क्षमता खत्म हो जाती है। भारत में संभावित भूजल भंडार 432 लाख हैक्टर मीटर और दोहन योग्य सकल भूजल की मात्रा 396 लाख हैक्टर मीटर है। इस विशाल मात्रा का विकास, बरसाती पानी के, एक्वीफायर में रिसने के कारण होता है। यही पानी प्राकृतिक जल चक्र का अभिन्न अंग है। बारिश के दिनों में हर साल यह पुनर्जीवित होता है। अतः भूजल का दोहन, उसके अविरल प्रवाह तथा अवांछित घटकों के सुरक्षित निष्पादन को समझकर करना बेहद जरूरी है। वर्ष 1960 के बाद से पानी की मांग दोगुनी से अधिक हो गयी है। भूजल दोहन के मामले में हमारा देश शीर्ष पर है। देश का उत्तरी गांगेय इलाका तो भूजल दोहन के मामले में देश के दूसरे इलाकों के मुकाबले कीर्तिमान बना चुका है।

राजधानी दिल्ली सहित समीप के कई शहरों का डार्क जोन में आना और दिल्ली एनसीआर में गंभीर पानी का संकट इसका सबूत है। नतीजतन, इस इलाके की जमीन की सतह का आकार तेजी से बदल रहा है। यहां धरती भी तेजी से धंसने लगी है। यह सिलसिला केवल एनसीआर तक ही नहीं बल्कि पंजाब से लेकर पश्चिम बंगाल और गुजरात तक जारी है।

पंजाब के 23 जिलों में भूजल की स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर है। दरअसल पंजाब की 94 फीसदी आबादी पीने के पानी के लिए भूजल पर ही निर्भर है। भूजल में बढ़ते प्रदूषण का यहां लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और वे गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

बीते दो दशकों में सिंचाई के लिए भूजल का अत्यधिक उपयोग हुआ है जिससे जहां भूजल की मांग बढ़ी वहीं गुणवत्ता खराब होती चली गयी। यहां भूजल में भारी धातुओं और रेडियो



एक्टिव पदार्थों की मौजूदगी में तेजी से इजाफा हुआ। इसी प्रकार हरियाणा के 141 विकास खंडों में से 85 भूजल के अत्यधिक दोहन के चलते गंभीर स्थिति में हैं। यह हिस्सा राज्य के भौगोलिक क्षेत्र का 60 फीसदी है। इससे राज्य की भूजल संकट की स्थिति का अंदाजा लग सकता है। गौरतलब यह है कि देश में भूजल निकासी का औसत 63 फीसदी है जबकि हरियाणा में भूजल निकासी 137 फीसदी से भी अधिक है। उत्तर प्रदेश में भूगर्भ जल विभाग ने दस महानगरों को अति दोहित की श्रेणी में रखा है और जल के दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए नियमावली भी बनाई है। इसमें जुर्माना और कारावास दोनों का प्रावधान है। लेकिन यह नियमावली मात्र खानापूर्ति ही रह गयी है। वैज्ञानिक जलवायु में आ रहे बदलाव में भूजल दोहन की बड़ी भूमिका मानते है। ऐसे में भूजल प्रबंधन और भूजल उपयोग सम्बंधी

**ज्ञानेन्द्र रावत**

रणनीतियों में व्यापक ध्यान दिए जाने की जरूरत है। क्योंकि आबादी में बढ़ोतरी, बढ़ता शहरीकरण और कृषि भूमि पर गहन खेती के साथ ही लगातार भूजल की गिरावट हालात को और भयावह बना देगी। कई अध्ययनों से यह साबित हो चुका है कि हिमालय की तलहटी से लेकर गंगा के मैदानों तक भूमि के व्यापक हिस्से में भूजल की बड़े पैमाने पर कमी हुयी है। वहीं आर्सेनिक, नाइट्रेट, सोडियम, यूरेनियम, फ्लोराइड आदि की अधिकता के कारण भूजल की खराब गुणवत्ता की चिंता केवल साफ पेयजल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ये सिंचाई के लिए भी नुकसानदेह साबित हो रही है।

आंध्र, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और उत्तर प्रदेश के भूजल के 12.5 फीसदी नमूने उच्च सोडियम की मौजूदगी के कारण सिंचाई के लिए अनुकूल नहीं पाये गये हैं। देश के 440 जिलों के भूजल में बढ़ा नाइट्रेट स्तर गंभीर स्वास्थ्य समस्या पैदा कर रहा है। सीजीडब्लयूबी की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

पानी में नाइट्रेट प्रदूषण मुख्यतः नाइट्रोजन आधारित उर्वरकों और पशु अपशिष्ट के अनुचित निपटान के कारण होता है। एक रिपोर्ट की मानें तो पानी के 9.04 फीसदी नमूनों में फ्लोराइड का स्तर सुरक्षित सीमा से अधिक और 3.55 फीसदी आर्सेनिक की मौजूदगी पायी गयी। यह प्रदूषण पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। इससे कैंसर, किडनी, हड्डियों और त्वचा रोगों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। सिंचाई के भी उपयुक्त ना माने जाने वाले भूजल का प्रतिशत एक साल में 7.69 से बढ़कर 8.07 तक बढ़ गया है। पानी में लवणों की मौजूदगी लगातार बढ़ते जाना नाकामी ही है। जमीन पर सोडियम की परत जमना भी अच्छा संकेत नहीं है।

जहां सोडियम की मात्रा सीमा से अधिक है, वहां विशेष अभियान चलाने के साथ प्रभावी निगरानी भी जरूरी है। देश में भूजल की गुणवत्ता में गिरावट के लिए उद्योगों से निकलने वाले दूषित जल के उपचार की व्यवस्था न होना, खेती में अंधाधुंध उर्वरकों का इस्तेमाल, शहरीकरण, घरेलू कचरा मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। इन पर अंकुश लगाये बिना भूजल की गुणवत्ता हासिल कर पाना टेड़ी खीर है।

**जीवन मंत्र** आचार्य चाणक्य

## दोपहर में सोने से कम होते हैं धन और आयु

आचार्य ने सेहत से जुड़ी कई बातों का जिक्र भी अपनी नीतियों में किया। अपने एक श्लोक में उन्होंने दिन में सोने के नुकसान पर भी बात की है। हममें से अक्सर कई लोग दोपहर की हल्की झपकी लेना पसंद करते हैं लेकिन ये आदत आचार्य चाणक्य के अनुसार बिल्कुल भी अच्छी नहीं।

आचार्य चाणक्य ने अपनी नीतियों में सेहत से जुड़ी कई बातों का जिक्र किया है। उन्होंने दिन में सोने के नुकसानों के बारे में भी बताया है। अगर आप भी दिन में झपकी लेना पसंद करते हैं, तो आचार्य की बातों को जरूर जान लें। आचार्य चाणक्य भारत के इतिहास में अब तक हुए सबसे बड़े विद्वानों में से एक हैं। उन्होंने जीवन के हर एक पहलू पर अपने विचार दिए और चीजों को इतनी सरलता और स्पष्टता के साथ बताया कि आज भी उनकी बातें उतना ही महत्व रखती हैं, जितना उस समय में रखती थीं। आचार्य ने सेहत से जुड़ी कई बातों का जिक्र भी अपनी नीतियों में किया। अपने एक श्लोक में उन्होंने दिन में सोने के नुकसान पर भी बात की है। हममें से अक्सर कई लोग दोपहर की हल्की झपकी लेना पसंद करते हैं लेकिन ये आदत आचार्य चाणक्य के अनुसार बिल्कुल भी अच्छी नहीं। उन्होंने इसके कई बड़े नुकसानों का जिक्र अपनी नीति में किया है। आज हम आपको आचार्य चाणक्य के अनुसार ही दिन में सोने के नुकसान बताने वाले हैं। आचार्य चाणक्य के अनुसार जो लोग दोपहर में सोते हैं



वो औरों से कम करते हैं। ऐसे में उनके कार्य की हानि होती है और समय की बर्बादी के अलावा कुछ हाथ नहीं लगता। ऐसे लोगों को कई बार धन की हानि भी झेलनी पड़ सकती है। आचार्य के मुताबिक यदि आप बीमार हैं या कोई गर्भवती स्त्री या छोटा बच्चा है तो केवल उसे ही दिन में सोने का अधिकार है। यदि आप स्वस्थ्य हैं तो जीवन के हर एक क्षण का उपयोग करें, उसे यूं ही सो कर व्यर्थ जाया ना करें। आचार्य चाणक्य के मुताबिक दोपहर में सोने से सेहत पर भी इसका बुरा असर पड़ता है। जो लोग दोपहर के समय सोते हैं उन्हें अपच, गैस एसिडिटी जैसी पेट संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। डॉक्टर भी दोपहर के समय की नींद को हेल्थ के लिए सही नहीं मानते हैं। डॉक्टर के मुताबिक दोपहर के समय 10 से 15 मिनट के लिए पावर नैप लेना तो ठीक है लेकिन जो लोग 2 से 3 घंटे की नींद लेते हैं, वो उनकी हेल्थ के लिए नुकसानदायक हो सकता है। दोपहर की नींद से ना सिर्फ पेट से जुड़ी समस्याएं होती हैं बल्कि इससे रात के समय की नींद भी प्रभावित होती है।

महान कूटनीतिज्ञ आचार्य चाणक्य का मानना है कि दोपहर में सोने से मनुष्य की आयु भी कम होती है। इस बात को चाणक्य ने एक श्लोक के माध्यम से बताया है,₹आयुःक्षयी दिवा निद्रा'। इस श्लोक का अर्थ है कि दिन में सोने से आयु कम होती है।

**शख्सियत** मायावती

## बसपा सुप्रीमों एवं पूर्व मुख्यमंत्री



कुमारी मायावती (जन्म कुमारी मायावती दास ; 15 जनवरी 1956) एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं , जिन्होंने 1995 से 1995, 1997 से 1997, 2002 से 2003 और 2007 से 2012 तक उत्तर प्रदेश की 18वीं मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। वह बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, जो 2003 से बहुजनों , जिन्हें आमतौर पर अन्य पिछड़ा वर्ग , अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए सामाजिक परिवर्तन के मंच पर केंद्रित है ।

मायावती ने 2012 से 2017 तक उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की सांसद के रूप में भी काम किया था । मायावती के कार्यकाल की प्रशंसा और आलोचना दोनों हुई है। भारत भर में लाखों दलित उन्हें एक आदर्श के रूप में देखते हैं और उन्हें बहन-जी (बड़ी बहन) कहकर पुकारते हैं। उनकी पार्टी की ओर से धन जुटाने के प्रयासों के लिए उनकी प्रशंसा की गई है और उनके समर्थकों द्वारा उनके जन्मदिन को व्यापक रूप से मनाया गया है। इसके विपरीत, उनकी और उनकी पार्टी की व्यक्तिगत संपत्ति में वृद्धि की आलोचना भ्रष्टाचार के संकेत के रूप में की गई है।

मायावती का जन्म कुमारी मायावती दास के रूप में 15 जनवरी 1956 को श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल , नई दिल्ली में हुआ था। उनके पिता प्रभु दास गौतम बुद्ध नगर में दादरी के पास बादलपुर गाँव में एक डाकघर के कर्मचारी थे । परिवार में बेटों को निजी स्कूलों में भेजा गया, जबकि बेटियों को ₹कम प्रदर्शन करने वाले सरकारी स्कूलोंर में भेजा गया। मायावती ने 1975 में दिल्ली विश्वविद्यालय के कालिंदी कॉलेज से बीए की पढ़ाई की और 1983 में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित विधि संकाय से एलएलबी की डिग्री हासिल की। उन्होंने 1976 में गाजियाबाद के मेरठ विश्वविद्यालय के वीएमएलजी कॉलेज से बी.एड. पूरा किया। वह दिल्ली के इं द्रपुरी जेजे कॉलोनी में एक शिक्षिका के रूप में काम कर रही थीं और भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रही थीं, जब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ी जातियों के राजनेता कांशीराम 1977 में उनके परिवार के घर आए। मायावती पहली बार 3 जून 1995 से 18 अक्टूबर 1995 तक भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री रहीं। उनका दूसरा कार्यकाल 21 मार्च 1997 से 20 सितम्बर 1997 तक था। उनकी सरकार के तहत एक अभियान में हजारों भूमिहीन निवासियों को पट्टे या ग्राम सभा की भूमि आवंटित की गई।

**जीवन ऊर्जा** डॉ. मार्टिन लूथर किंग: जन्म- 15 जनवरी 1929 **जन्म**

डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर अमेरिका के महान नेता थे। जिन्होंने अपने दम पर अमेरिका में नीग्रोज़ को उनके मौलिक अधिकार दिलाया। डॉ॰ मार्टिन लूथर किंग का जन्म सन् 15 जनवरी 1929 में अमेरिका के अट्लांटा, में हुआ था। वे अमेरिका के एक पादरी, आन्दोलनकारी (ऐक्टिविस्ट) एवं अफ्रीकी-अमेरिकी नागरिक अधिकारों के संघर्ष के प्रमुख नेता थे। उनकी मृत्यु 4 अप्रैल, 1968 मेम्फिस, अमेरिका में हुआ था।

## प्यार ही एक ऐसा बल है जो शत्रु को भी मित्र बना देता है

हर व्यक्ति महान है, क्योंकि हर व्यक्ति सेवा कर सकता है। आपको सेवा के लिए किसी विश्वविद्यालय की डिग्री की ज़रूरत नहीं है। सेवा करने के लिए बस आपके हृदय में दया ओर प्रेम होना चाहिए। यदि आप उड़ नहीं सकते हो, तो दौड़ो। यदि दौड़ नहीं सकते हो, तो चलो। यदि चल भी नहीं सकते हो, तो रेंगो। लेकिन हमेशा आगे बढ़ते रहो। हमें आपस में भाईयों की तरह रहना सीखना होगा या फिर हम सब का मूर्खों की तरह सर्वनाश हो जाएगा। प्यार ही एक ऐसा बल है जो शत्रु को भी मित्र बना देता है। मैंने प्यार के साथ जुड़ने का निर्णय लिया है। क्योंकि नफरत का भार बहुत ज़्यादा होता है, जिसे



उठाया नहीं जा सकता हैं। हमने चिड़ियों से हवा में उड़ना सीखा, हमने मछलियों से पानी में तैरना सीखा लेकिन हम अभी तक पृथ्वी पर भाई-बहनों की तरह रहना नहीं सीख सके। अंधेरा कभी भी अंधेरे को दूर नहीं कर सकता। केवल प्रकाश ही अंधेरे को दूर कर सकता है। इसी प्रकार नफरत से नफरत दूर नहीं कर सकते हैं। केवल प्रेम ही नफरत को दूर कर सकता है। विश्वास, किसी भी कार्य की पहली सीढ़ी है। आप केवल अंधकार में ही सितारों को देख सकते हैं। एक अन्यायपूर्ण कानून को नही मानना एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। यदि कोई व्यक्ति अभी तक ऐसा लक्ष्य नहीं ढूँढ़ पाया जिसके लिए वो जान दे सकता है तो वो जिंदा रहने के लायक नहीं है। हमें सीमित असफलताओं को स्वीकार करना चाहिए, पर असीमित आशाओं को नहीं खोना चाहिए। शांति की कीमत हीरा, चांदी और सोने से भी ज़्यादा होती है। अच्छे कार्य को करने के लिए हर समय सही होता है।

**सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश**



## व्रत या उपवास के प्रकार एवं उनके महत्व

(भाग 1)

व्रत रखने के नियम दुनिया को हिंदू धर्म की देन है। व्रत रखना एक पवित्र कर्म है और यदि इसे नियम पूर्वक नहीं किया जाता है तो न तो इसका कोई महत्व है और न ही लाभ, बल्कि इससे नुकसान भी हो सकते हैं। आप व्रत बिल्कुल भी नहीं रखते हैं तो भी आपको इस कर्म का भुगतान



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

करना ही होगा। राजा भोज के राजमार्तण्ड में 24 व्रतों का उल्लेख है।

हेमादि में 700 व्रतों के नाम बताए गए हैं। गोपीनाथ कविराज ने 1622 व्रतों का उल्लेख अपने व्रतकोश में किया है। व्रतों के प्रकार तो मूलतः तीन है:- 1. नित्य, 2. नैमित्तिक और 3. काम्य।

1. नित्य व्रत उसे कहते हैं, जिसमें ईश्वर भक्ति या आचरणों पर बल दिया जाता है, जैसे सत्य बोलना, पवित्र रहना, इंद्रियों का निग्रह करना, क्रोध न करना, अश्लील भाषण न करना और परनिंदा न करना, प्रतिदिन ईश्वर भक्ति का संकल्प लेना आदि नित्य व्रत हैं। इनका पालन नहीं करते से मानव दोषी माना जाता है।

2.नैमित्तिक व्रत उसे कहते हैं जिसमें किसी प्रकार के पाप हो जाने या दुखों से छुटकारा पाने का विधान होता है। अन्य किसी प्रकार के निमित्त के उपस्थित होने



पर चांद्रायण प्रभृति, तिथि विशेष में जो ऐसे व्रत किए जाते हैं वे नैमिक्तिक व्रत हैं।

3.काम्य व्रत किसी कामना की पूर्ति के लिए किए जाते हैं, जैसे पुत्र प्राप्ति के लिए, धन- समृद्धि के लिए या अन्य सुखों की प्राप्ति के लिए किए जाने वाले व्रत काम्य व्रत हैं।

**व्रतों का वार्षिक चक्र**

1. साप्ताहिक व्रत : सप्ताह में एक दिन व्रत रखना चाहिए। यह सबसे उत्तम है।

2. पाक्षिक व्रत : 15-15 दिन के दो पक्ष होते हैं कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष। प्रत्येक पक्ष में चतुर्थी, एकादशी, त्रयोदशी, अमावस्या और पूर्णिमा के व्रत महतवपूर्ण होते हैं। उक्त में से किसी भी एक व्रत को करना चाहिए।

3.त्रैमासिकः वैसे त्रैमासिक व्रतों में प्रमुख है नवरात्रि के व्रत। हिंदू माह अनुसार पौष, चैत्र, आषाढ और अश्विन मान में नवरात्रि आती है। उक्त प्रत्येक माह की प्रतिपदा यानी एकम् से नवमी तक का समय नवरात्रि का होता है। इन नौ दिनों तक व्रत और उपवास रखने से सभी तरह के क्लेश समाप्त हो जाते हैं।

4.छह मासिक व्रत : चैत्र माह की नवरात्रि को बड़ी नवरात्रि और अश्विन माह की नवरात्रि को छोटी नवरात्रि कहते हैं। उक्त दोंनों के बीच छह माह का अंतर होता है।

5.वार्षिक व्रत : वार्षिक व्रतों में पूरे श्रावण मास में व्रत रखने का विधान है। इसके अलवा जो लोग चतुर्मास करते हैं, उन्हें जिंदगी में किसी भी प्रकार का रोग और शोक नहीं होता है। इससे यह सिद्ध हुआ की व्रतों में 'श्रावण माह' महत्वपूर्ण होता है। सोमवार नहीं पूरे श्रावण माह में व्रत रखने से हर तरह के शारीरिक और मानसिक कलेश मिट जाते हैं।

**उपवास के प्रकार**

1. प्रातः उपवास, 2. अद्धो पवास, 3.एकाहारोपवास, 4. रसोपवास, 5. फलोपवास, 6. दुग्धोपवास, 7. तक्रोपवास, 8. पूर्णोपवास, 9. साप्ताहिक उपवास, 10. लघु उपवास, 11. कठोर उपवास, 12. टूटे उपवास, 13. दीर्घ उपवास। बताए गए हैं, लेकिन हम यहां वर्ष में जो व्रत होते हैं, उसके बारे में बता रहे हैं। **(क्रमशः)**

## अपने विचार

संजय राउत ने मोहन भागवत के बयान पर कहा कि ऐसा कहना गलत है। असल बात तो यह है कि हजारों लाखों साल से भगवान राम हमारे दिलों में हैं। हम लोगों ने रामलला के लिए पहले भी लड़ाई लड़ी है और जरूरत हुई तो आगे भी ऐसा करेंगे।



-**संजय राऊत,** शिवसेना (यूबीटी)

जयशंकर ने भारत को "नया भारत" ' बताया, जिसे वैश्विक स्तर पर अपनी आर्थिक ताकत और नेतृत्व के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि बहुत कम देश हैं जो रूस और यूक्रेन एवं इजरायल और ईरान से बात करने की स्थिति में हैं।



-**एस जयशंकर,** विदेश मंत्री

'एसएनएस हर कर्मचारी को अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। वे एकता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देते हैं,



-**सोनिका मुरलीधरन** एच आर प्रमुख

पवार ने कहा, **INDIA** अलायंस की मीटिंग में राज्य और स्थानीय स्तर पर होने वाले चुनावों पर कभी भी कोई चर्चा नहीं हुई। यह गठबंधन केवल राष्ट्रीय स्तर के चुनावों के लिए है।



-**शरद पवार,** अध्यक्ष , एनसीपी (एसपी)

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# महावितरण की बड़ी कार्रवाई

## भांडुप सर्कल में बिजली चोरी पर शिकंजा

**डीबीडी संवाददाता | भांडुप/वाशी/पेन**

महावितरण ने बिजली चोरी पर नकेल कसने के लिए भांडुप सर्कल में एक बड़ा अभियान चलाया, जिसके तहत 853 बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस अभियान में 5.85 करोड़ रुपये की बिजली चोरी का खुलासा हुआ।



### पांच महीने में बड़े कदम

अगस्त से दिसंबर 2024 तक चले इस तलाशी अभियान में कई अहम कदम उठाए गए। 60 विद्युत लाइनों पर 4,652 खराब मीटरों को बदला गया। 4,345 उपभोक्ताओं को नए बिजली कनेक्शन दिए गए। 13.4 किलोमीटर कमजोर लाइनों को बदलकर 10 किलोमीटर एरियल बंडल नलिकाएं स्थापित की गईं।

### प्रशासन की भूमिका

इस सफलता का श्रेय वाशी डिवीजन के मुख्य अभियंता सुनील काकड़े, अधीक्षण अभियंता संजय पाटिल, ठाणे डिवीजन के युवराज मेश्राम, और पेन डिवीजन के राजाराम माने के मार्गदर्शन में काम करने वाली इंजीनियरों और जन मित्रों की टीम को जाता है।

### राजस्व में वृद्धि और परिणाम

अभियान के परिणामस्वरूप 40.14 लाख यूनिट बिजली की वृद्धि दर्ज की गई। 124 स्थायी रूप से कटे हुए कनेक्शनों को पुनः जोड़ा गया, जिससे उपभोक्ताओं को वापस से बिजली आपूर्ति मिल पाई।

### क्षेत्रवार कार्रवाई और आंकड़े

**ठाणे डिवीजन:**
258 मामलों में कार्रवाई।
1.79 करोड़ रुपये की बिजली चोरी उजागर।
10.27 लाख यूनिट बिजली की वृद्धि।

**वाशी डिवीजन:**
402 मामलों में कार्रवाई।
3.47 करोड़ रुपये की चोरी पकड़ी गई।
21.79 लाख यूनिट बिजली की वृद्धि।

**पेन डिवीजन:**
193 मामलों में कार्रवाई।
59 लाख रुपये की बिजली चोरी का पर्दाफाश।
8.08 लाख यूनिट बिजली की वृद्धि।

# भारतीय तटरक्षक बल के प्रशिक्षण जहाज का कील लेईंग समारोह संपन्न

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए बनाए जा रहे प्रशिक्षण जहाज का कील लेईंग समारोह आयोजित किया। यह महत्वपूर्ण आयोजन एमडीएल के न्हावा यार्ड में संपन्न हुआ, जिसमें आईजी एच के शर्मा, टीएम, डीडीजी (एम एंड एम) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ एमडीएल के वरिष्ठ अधिकारी, क्लासीफिकेशन सोसायटी (एबीएस और आईआरएस) के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण और संचालन में सहायक होगा जहाज



यह प्रशिक्षण जहाज समुद्री वातावरण में संचालन और तटरक्षक बल के सभी कार्यों के निष्पादन के लिए एक प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। इसका उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों को समुद्री जीवन और तटरक्षक बल की गतिविधियों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

### डिलीवरी दिसंबर 2026 में निर्धारित

इस जहाज को दिसंबर 2026 तक सुपुर्द किया जाएगा। एमडीएल ने इसे एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुए भारतीय तटरक्षक बल के साथ अपने सहयोग को मजबूती देने का संकल्प व्यक्त किया है।

### 310 करोड़ रुपये की परियोजना

एमडीएल ने तटरक्षक बल के लिए इस जहाज के डिज़ाइन, निर्माण और सुपुर्दगी के लिए 310 करोड़ रुपये की परियोजना पर काम शुरू किया है। यह जहाज 20 नॉट से अधिक की गति प्राप्त करने में सक्षम होगा और इसमें कुल 223 लोगों की नियुक्ति की जा सकेगी, जिनमें 70 प्रशिक्षु अधिकारी और 46 प्रशिक्षण कर्मचारी शामिल हैं। जहाज को एबीएस और आईआरएस के तहत श्रेणीबद्ध किया जाएगा।

महाकुंभ के लिए पश्चिम रेलवे की विशेष ट्रेनें

# 11 जोड़ी ट्रेनें और 15 वन-वे ट्रेनें शामिल

**डीबीडी संवाददाता | प्रयागराज**

प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले के लिए पश्चिम रेलवे ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 113 विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है।



### महाकुंभ 2025: एक ऐतिहासिक आयोजन

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले को विश्वभर के तीर्थयात्रियों का अद्वितीय उत्सव माना जाता है। रेलवे की इस विशेष पहल ने इस आयोजन को और अधिक सुलभ बना दिया है।

### यात्रियों के लिए विशेष पहल

- सोशल मीडिया, समाचार पत्रों और रेलवे स्टेशनों पर घोषणाओं के माध्यम से व्यापक प्रचार।
- यात्रियों को महाकुंभ की जानकारी देने के लिए 22 भाषाओं में पुस्तिका उपलब्ध।
- टिकट चेकिंग स्टाफ, आरपीएफ, और जीआरपी की सहायता।
- स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम।

### रेलवे का यात्रियों के प्रति समर्पण

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि इन विशेष ट्रेनों का उद्देश्य तीर्थयात्रियों को आसान और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। महाकुंभ के दौरान यात्रियों को सुविधाएं देने और अनुभव बेहतर बनाने के लिए रेलवे की यह पहल एक बड़ा कदम है।

### मुख्य मार्ग और ट्रेनों का विवरण

11 जोड़ी ट्रेनें: वापी, वलसाड, उधना, अहमदाबाद, साबरमती, वडोदरा, भावनगर, राजकोट और डॉ. अम्बेडकर नगर जैसे स्थानों से बनारस, प्रयागराज और लखनऊ के लिए। 15 वन-वे स्पेशल ट्रेनें: तीर्थयात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए।

# उल्हासनगर मनपा के दौरे पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक और सदस्य

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

महाराष्ट्र राज्य में राष्ट्रीय नागरिक स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का क्रियान्वयन जारी है। इस संदर्भ में उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिए मिशन निदेशक और अन्य स्वास्थ्य मिशन के सदस्य 13 जनवरी को उल्हासनगर पहुंचे।




### स्वास्थ्य सेवाओं का आकलन और निरीक्षण

मिशन निदेशक के साथ स्वास्थ्य सेवाएं (शहरी) आयुक्तालय मुंबई के निदेशक, एनयूएचएम, सहायक निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, सिकल सेल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और अन्य संबंधित अधिकारी भी इस दौरे में शामिल थे। सुबह 10:00 बजे उल्हासनगर महानगरपालिका के स्थायी समिति हॉल में बैठक शुरू हुई, जिसमें सिटी प्रोग्राम मैनेजर ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यक्रमों की स्थिति और क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। इस बैठक में आयुक्त (प्रभारी), चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सदस्य भी उपस्थित थे।

### शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश

निदेशक महोदय ने शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उल्हासनगर महानगरपालिका के आयुक्त ने अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन सार्वजनिक स्वास्थ्य नर्स ने सभी गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त कर किया।

### स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा और समीक्षा

बैठक के बाद, मिशन निदेशक और अधिकारियों ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी स्वास्थ्य संवर्धन केंद्र, और हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे अस्पताल का दौरा किया। दौरे के दौरान यह देखा गया कि उल्हासनगर में बड़ी संख्या में झुग्गी-झोपड़ियाँ हैं, जिससे स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अधिकतम जागरूकता और गरीब नागरिकों को मुफ्त चिकित्सा उपचार और रेफरल सेवाएं प्रदान करने की आवश्यकता है।

# अखंड श्री रामचरितमानस पाठ व खिचड़ी महोत्सव का आयोजन

**उल्हासनगर।** माँ डोंगरवाली मइया वैष्णो देवी मंदिर, अंबिवाली-टिटवाला रोड, कल्याण परिसर में 18 जनवरी (शनिवार) सुबह 4 बजे से 19 जनवरी (रविवार) रात तक श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ और खिचड़ी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस भक्तिमय आयोजन का समापन रविवार सुबह हवन और शाम को भजन एवं भंडारे के साथ होगा। श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ प. श्री नरेंद्र द्विवेदी, त्रिलोकीनाथ पांडे, और प. आंकित जी महाराज (कथा व्यास) के सान्निध्य में होगा। 7 वर्षों से अटल जनशक्ति संगठन और अन्य सहयोगी संगठनों द्वारा यह धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है।

# 'हम नशी' संस्था द्वारा दो पुस्तकों का विमोचन एवं परिचर्चा का आयोजन



**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी। रईस हाई स्कूल परिसर के उर्दू बसेरा हॉल में ‘हम नशी’ संस्था ने एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें प्रख्यात उर्दू हास्य-व्यंग्य लेखक फैयाज अहमद फैजी और नासिक के मशहूर वकील नंद किशोर भोतणा के सम्मान में एक परिचर्चा आयोजित की गई। इस समारोह की अध्यक्षता के एम ई सोसायटी के उपाध्यक्ष एडवोकेट यासीन मोमिन ने की। समारोह में अतिथि के रूप में सलीम अब्दुल अजीज धुरु, रईस हाई स्कूल के चेयरमैन यासर ततली और अब्दुल बासित पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान फैयाज अहमद फैजी की पुस्तक ‘खनदह ज़ेरे लब’ और नंद किशोर भोतणा की पुस्तक 'यादश बखैर' का विमोचन किया गया।

### उर्दू साहित्य और भाषा का महत्व

उद्घाटन भाषण रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के प्रिंसिपल जियाउर रहमान अंसारी ने दिया। उन्होंने उर्दू की लोकप्रियता पर चर्चा करते हुए इसके उज्जवल भविष्य के लिए उपयोगी सुझाव दिए। इस मौके पर निशी गंधा लोहिया ने अपनी मधुर आवाज में खुसरो का कलाम प्रस्तुत किया। मोहम्मद रफी अंसारी ने फैयाज अहमद फैजी साहब पर निबंध प्रस्तुत किया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।

# मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

सोनारा नवजवान मंडल पंचायत और रोटरी क्लब द्वारा सोनारा हॉल में आम जनता के लिए एक मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था।



### 145 नागरिकों ने इस कैंप का लाभ उठाया

इस फ्री मेडिकल कैंप में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों और मेडिकल टीमों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। डॉ. राजू उत्तमानी (सीनियर सर्जन, यूरोलॉजिस्ट), डॉ. ललित चांदवानी (MD हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. पराग वाणी (डेंटिस्ट), डॉ. नितिन सचदेव (आई सर्जन), सर्वानंद हॉस्पिटल की Optho टीम, श्री पैथोलॉजी टीम, डॉ. लाल पैथोलॉजी टीम, और रेडिफ पैथोलॉजी लैब की टीम ने चिकित्सा सेवाएं दीं। कुल मिलाकर, लगभग 145 नागरिकों ने इस कैंप का लाभ उठाया और विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किए। लैब सेवाओं का भी मुफ्त उपयोग किया गया।

### संस्था और आयोजन की सफलता में योगदान

सोनारा नवजवान मंडल पंचायत के अध्यक्ष अनिल कटेजा और संस्था के सभी पदाधिकारियों ने इस मेडिकल कैंप के आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने आए हुए डॉक्टरों और मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में संस्था के प्रमुख सदस्य चिमनदास रुपानी, चेयरमैन अशोक वलेचा, सचिव दिलीप सैसवानी, उपाध्यक्ष जयदेव रुपानी, सहसचिव त्रिलोक सभागचंदानी, कैशियर प्रकाश लालचंदानी, स्टोर कीपर घनश्यामदास वलेचा, लाइब्रेरियन दिनेश पाहुजा, और कमेटी मेंबर सुनील वलेचा, जेठो टहिलरमानी, सुशील रिझवानी, और कशिश वलेचा का अहम योगदान रहा।

# कल्याण में आयोजित मैराथन दौड़ में जुटी भारी भीड़

### शहीद को श्रद्धांजलि

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

कल्याण में आयोजित मैराथन दौड़ ने शहीद जवान प्रवीण प्रभाकर जंजाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन में भारी संख्या में लोग जुटे, जिसमें लगभग 2500 नागरिकों ने भाग लिया और शहीद के परिजनों की सहायता हेतु योगदान किया। यह कार्यक्रम अग्रणी सामाजिक संस्था सी एन पाटील फाउंडेशन और रोटरी क्लब ऑफ कल्याण रीवरसाइड द्वारा आयोजित किया गया, जो गांधारी रोड, कल्याण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शहीद जवान प्रवीण प्रभाकर जंजाल के परिजनों को 51,000 रुपये का धनादेश प्रदान किया गया। यह धनादेश सी एन पाटील फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर नामदेव पाटील, रोटरी क्लब के अध्यक्ष योगेश कल्हापुरे, प्रिया पाटील, योगिता कल्हापुरे और जिगंश शेट द्वारा दिया गया। सी एन पाटील फाउंडेशन और सलीग्न संस्था द्वारा अब तक 11 शहीद जवानों के परिजनों को 4,50,000 रुपये की सहायता दी जा चुकी है, और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

### कार्यक्रम में शहीद जवान प्रवीण प्रभाकर जंजाल के परिजनों को 51,000 रुपये की सहायता



कार्यक्रम की सफलता में उपाध्यक्ष बापू जे शिंपी, सुधाकर पाटील, ज्योति कोरडे, सिमा पाटील, मिनाक्षी पाटील, महिंद्र जाधव (डी बी ग्रुप), डॉ. जितेंद्र गुप्ता, विक्रांत महाजन और अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डी सी पी अतुल झेंडे, कल्याण डोंबिवली उपायुक्त संजय जाधव, फोर्टिस अस्पताल, यातायात पुलिस अधिकारी, अग्निशामक दल और अन्य सहयोगी संगठनों ने सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों ने शहीदों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की, और उनके परिवारों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की।

# मध्य रेल के 12 कर्मचारी महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने आज छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई में आयोजित एक विशेष समारोह में मध्य रेल के 12 कर्मचारियों को प्रतिष्ठित संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार इन कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिया गया है। पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और 2000/- की नकद राशि शामिल थी। इन कर्मचारियों के कार्यों ने न केवल रेलवे संरक्षा में योगदान दिया, बल्कि संभावित दुर्घटनाओं को टालकर यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया। महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने अपने संबोधन में इन कर्मचारियों की सतर्कता और समर्पण की सराहना की और कहा कि उनके कार्य अन्य कर्मचारियों को प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक जगमोहन गर्ग, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी चंद्र किशोर प्रसाद और मध्य रेल के अन्य वरिष्ठ



अधिकारी उपस्थित थे।

**मुंबई मंडल से सम्मानित कर्मचारी**
धर्मराज सिंह (ट्रेन मैनेजर, पनवेल)
रामदास चौधरी (ट्रेन मैनेजर, सीएसएमटी)
सचिन जगदाले (फिटर, इगतपुरी)

**भुसावल मंडल से सम्मानित कर्मचारी**
आर एन घाटे (मुख्य लोको निरीक्षक)
अनिल कुमार गुप्ता (सहायक लोको पायलट)
अमरेश कुमार (ट्रैक मेंटेनर)
शालिनी विजय (तकनीशियन)

**सोलापुर मंडल से सम्मानित कर्मचारी**
बनवारी लाल (तकनीशियन, इलेक्ट्रिकल)
येलप्पा संतराम फूलमाली (ट्रैक मेंटेनर)

**पुणे मंडल से सम्मानित कर्मचारी**
अनूप कुमार यादव (ट्रैक मेंटेनर)
कुलदीप मौर्य (ट्रैक मेंटेनर)

**नागपुर मंडल से सम्मानित कर्मचारी**
रोशनी अरुणराव (ट्रेन मैनेजर)

## राशिफल | प्रियंका जैन

**मेष** — व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृष** — यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन** — जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कर्क** — कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी।

**सिंह** — पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

**कन्या** — जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**तुला** — धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक** — अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**धनु** — शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**मकर** — धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**कुंभ** — पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे।

**मीन** — घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें।

# केले के पेड़ की पूजा क्यों की जाती है गुरुवार के दिन?

शास्त्रों में गुरुवार के दिन को केले के पेड़ की पूजा को का काफी महत्व है, इतना ही नहीं केले के पत्तों को शुभ और उसकी पूजा को भी लाभकारी माना गया है, धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक केले के पेड़ में साक्षात देवगुरु बृहस्पति का वास होता है, इसके अलावा गुरुवार को केले के पेड़ की पूजा करने से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है और ऐसे लोगों की शादी में रुकावटें नहीं आतीं, यही नहीं उसकी सभी मनोकामनाएं भी पूरी हो जाती हैं, गुरुवार को केले के पेड़ की पूजा करने वाले व्यक्ति के परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है और परिवार में खुशियां भी आती हैं।

### हिंदू धर्म में महत्व

हिन्दू धर्म में केले के पेड़ का खास महत्व है, इसे सबसे शुभ पेड़ों में से एक माना गया है, इसलिए खासतौर से हरि की पूजा में इसका इस्तेमाल जरूर होता है, भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी को केला चढ़ाने से घर में सुख व समृद्धि आती है. वैवाहिक जीवन सुखी होता है, यदि कोई व्यक्ति मांगलिक दोष से पीड़ित है तो ऐसे व्यक्ति की अगर केले के पेड़ से शादी करा दी जाए तो उसका मांगलिक दोष खत्म हो जाता है, केले के पेड़ का हर एक हिस्सा उपयोगी होता है. जड़, तना, पत्तियां और फल, हर एक हिस्से से केले का पेड़ बहुत उपयोगी है, यहां तक कि यदि आपको पुखराज रत्न धारण करना है और ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो केले की जड़ पहन लें, पुखराज से जितना लाभ होगा, उतना ही केले की जड़ से भी होगा।





प्रियंका जैन
9769994439

### गुरुवार को ऐसे करें केले के पेड़ की पूजा

सुबह-सुबह मौन व्रत का पालन कर स्नान करें। इसके बाद केले के वृक्ष को प्रणाम कर जल चढ़ाएं।
इस बात का ध्यान रखें कि घर की आंगन में यदि केले का वृक्ष लगा है तो उस पर जल ना चढ़ाएं. बाहर के केले के वृक्ष को जल चढ़ाएं।
केले के वृक्ष पर हल्दी की गांठ, चने की दाल और गुड़ केल को अर्पित करें।
अक्षत, पुष्प आदि चढ़ाएं और केले के पेड़ की परिक्रमा करें।
इस मंत्र का जाप करें
ॐ बृं बृहस्पते नमः
बृहस्पति मंगल मंत्र
जीवश्चाङ्गिर-गोत्रतोत्तरमुखो दीर्घोत्तरा संस्थितः
पीताश्वत्थ-समिद्ध-सिन्धुजनिश्चापो थ मीनाधिपः।
सूर्येन्दु-क्षितिज-प्रियो बुध-सितौ शत्रूसमाश्चापरे
सप्ताङ्कद्विभवः शुभः सुरुगुरुः कुर्यात् सदा मङ्गलम्।।

महाकुंभ 2025, दूसरा दिन

# भव्य, दिव्य और अलौकिक रहा पहला 'अमृत स्नान'

## 3.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई डुबकी

- ब्रह्ममुहूर्त में अखाड़ों के नागा संन्यासियों ने लगाई संगम में डुबकी
- सनातन परंपरा का निर्वहन करते हुए अखाड़ों ने किया अमृत स्नान

एजेंसी | प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ के दूसरे दिन मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को साढे. तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा कि आस्था, समता और एकता के महासमागम 'महाकुम्भ-2025, प्रयागराज' में पावन मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन! प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों, श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया।



### मकर संक्रांति के स्नान को अमृत स्नान माना जाता है

पौराणिक मान्यता के अनुसार महाकुम्भ में मकर संक्रांति के स्नान को अमृत स्नान माना जाता है। आज भगवान सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने की तिथि पर परंपरा अनुसार साधु-संन्यासियों के अखाड़ों ने पूरे विधि-विधान से शोभा यात्रा निकालते हुए अमृत स्नान किया। सनातान परम्परा में आस्था रखने वाले श्रद्धालु अखाड़ों के अमृत स्नान को देखने और नागा, बैरागी साधु, संतों का आशीर्वाद पाने के लिए कतारबद्ध हो कर खड़े थे। हाथों में माले, भाले, तीर, तलवार, त्रिशूल लिए नागा साधुओं ने ब्रह्ममुहूर्त में ही संगम में अमृत स्नान किया।

### अस्त्र, शस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए नागा संन्यासियों का हुआ दर्शन



महाकुम्भ में पहले अमृत स्नान के दिन सभी अखाड़ों के साधु, संत सबसे आगे अपने-अपने अखाड़ों की धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। धर्म ध्वजा के पीछे अखाड़ों के नागा संन्यासी इष्ट देव के जयकारे लगाते हुए, इष्ट देव के विग्रह लेकर बाजे-गाजे, ढोल, नगाड़े बजाते हुए त्रिवेणी संगम की ओर बढ़ रहे थे। उनके पीछे पीछे अस्त्र, शस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए नागा संन्यासी, आम जन को दुर्लभ दर्शन और आशीर्वाद दे रहे थे। उनके पीछे क्रम से अखाड़ों के आचार्य, मण्डलेश्वर, महामण्डलेश्वर और आचार्य महामण्डलेश्वरों के रथ सज-धज कर चल रहे थे। अखाड़ों के आचार्यों और मण्डलेश्वर के साथ उनके अनुयायी अपने गुरुओं की जयकार करते हुए चल रहे थे। होल्डिंग एरिया से नागा संन्यासी, अपने आचार्यों का अनुसरण करते हुए पूरे जोश और उत्साह के साथ मां गंगा की गोद में अमृत स्नान की डुबकी लगाई। इसके साथ ही करोड़ों की सख्या में सनातन धर्मावलंबियों ने भी आस्था का अमृत स्नान किया।

### 21 शृंगार कर नागा संन्यासियों ने अमृत स्नान की लगाई डुबकी

सदाशिव का नाम। भभूत लपेटे, दिगंबर, हाथ में डमरू, त्रिशूल और कमंडल के साथ ही अवधूत की धुन में झूमते हुए नागा त्रिवेणी के तट पर पहले अमृत स्नान के लिए प्रस्थान किया। साधुओं ने 21 शृंगार के साथ अमृत स्नान की पहली डुबकी लगाई।

### दूसरे दिन भी सभी घाटों और अखाड़ों पर हेलीकॉप्टर से करवाई पुष्पवर्षा

मकर संक्रांति के दिन मंगववार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाए।

# रांची को महाकुंभ स्पेशल 10 ट्रेनों की सौगात

एजेंसी | रांची

रांची-यूपी के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले के लिए रांची रेलमंडल से 10 ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों से आते हुए ट्रेनें रांची रेलवे स्टेशन से होकर गुजरेंगी, ताकि काफी संख्या में रांची के लोग कुंभ यात्रा कर सकें। रांची से या रांची होकर अधिक से अधिक ट्रेनों का परिचालन कुंभ के लिए हो, इसके लिए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इस बाबत उनसे चर्चा की थी। उन्होंने आग्रह किया था कि कुंभ के लिए ट्रेनों का परिचालन रांची रूट से किया जाए। इससे रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, कोडरमा, चतरा, लातेहार, पुरुलिया, जमशेदपुर और सरायकेला खरसावां सहित कई जिलों के लोग कुंभ की यात्रा कर सकेंगे। कुंभ के लिए विभिन्न तारीखों को चलने वाली विशेष ट्रेनें यहां के यात्रियों के तीर्थाटन को सुगम बनाएंगी।

### रांची को पहली बार महाकुंभ के लिए ट्रेनों की बड़ी सौगात




केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कुंभ स्पेशल ट्रेनों के परिचालन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है। संजय सेठ ने कहा कि यह पहला अवसर है जब रांची को कुंभ मेले के लिए इतनी बड़ी संख्या में ट्रेनों की सौगात मिली है। हर ट्रेन का परिचालन रांची स्टेशन से होकर ही होगा और पर्याप्त संख्या में यहां से सीटें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। यात्रियों को किसी तरह की कोई समस्या नहीं हो, इसे लेकर रेलवे हर प्रकार की व्यवस्था कर रहा है। इन सभी ट्रेनों में सामान्य क्लास, स्लीपर क्लास और एसी क्लास की बोगियां भी उपलब्ध होंगी। रांची से सफर करने वाले यात्रियों के लिए पर्याप्त आरक्षित सीटों की व्यवस्था होगी। संजय सेठ ने लोगों से आग्रह किया है कि 12 वर्षों के बाद लगने वाले इस महाकुंभ में अधिक से अधिक सनातनियों को जाना चाहिए और सनातन के इस महापर्व में भाग लेना चाहिए।

गोदाम में छापेमारी

# खाली बोरा व सिलाई का सामान जब्त



**जोकीहाट।** जोकीहाट जिले से मिली गुप्त सूचना के आधार पर नगर पंचायत जोकीहाट के धनपुरा सिसौना सड़क स्थित एक अवैध खाद गोदाम में मंगलवार की सुबह जोकीहाट पुलिस ने छापेमारी कर नमक की खाली बोरी, सिलाई मशीन, अलग-अलग ब्रांड के डीएपी का खाली बोरा बरामद किया है। पूछताछ के लिये गोदाम में काम कर रहे चार मजदूरों को पकड़कर पुलिस थाने में पूछताछ कर रही है। सूचना मिलते ही डीएओ गौरव प्रताप सिंह व जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा स्थल पर पहुंच कर पहुंचकर मामले की छानबीन की। जिस स्थल पर अवैध गोदाम चल रहा था वह जमीन मुरलिया टोला के शोएब का है। उन्होंने पुलिस को बताया कि गोदाम में किसी अफजल नामक दुकानदार यहां खाद रखते हैं। बदले में उन्हें पांच हजार रुपये महीना किराया दिया जाता है। वहीं पूछने पर डीएओ ने बताया कि अवैध रूप से खाद रखना गलत है। मामले की छानबीन की जा रही है। दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी।



# 100 लीटर शराब के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार

**बेलहर।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों से पुलिस ने दो शराब तस्करों को 100 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुअनि आदित्य कुमार ने थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें बताया गया है कि गश्ती के क्रम में सूचना पर सौताडीह झगड़ाहवा पुल के पास वाहन चेकिंग के क्रम में बाइक पर बोरा लेकर एक व्यक्ति को पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया। उसके बाद बोरे की तलाशी में 40 लीटर व डिक्की से 20 लीटर शराब मिली। बाइक चालक तरीमांजगांय गांव निवासी बबलू यादव को गिरफ्तार कर बाइक व शराब जब्त की गयी। वहीं शराब तथा गिरफ्तार व्यक्ति को थाना लाने के क्रम में सौताड़ीह नहर चौमुहाने पर 40 लीटर शराब के साथ घोघा गांव निवासी रूपेश कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया।

# खिचड़ी मेले में श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा

- 15 लाख भक्तों ने चढ़ाई आस्था की पावन खिचड़ी

**गोरखपुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले में आए लाखों श्रद्धालु योगी सरकार की तरफ से किए गए अभिवादन से अभिभूत हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खिचड़ी मेले में आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। इस अभूतपूर्व स्वागत से हर्षित श्रद्धालुओं ने शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ के खूब जयकारे लगाए और मुख्यमंत्री के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला श्रद्धालुओं की संख्या के मामले में अभूतपूर्व रहा तो उनका स्वागत भी दिल जीतने वाला रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर मेले में आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। आसमान से अपने ऊपर स्वागत के फूल गिरते देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। पुष्पवर्षा के साथ पहले से गुंजित गुरु गोरक्षनाथ के जयकारे की गति तेज और ध्वनि गगनभेदी हो गई। श्रद्धालुओं ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह पहल हृदय को स्पंदित करने वाली है।



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आभार जताया

मकर संक्रांति के पुनीत पर्व पर 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर अपने और अपने प्रियजनों के लिए मंगलकामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट लिखकर खिचड़ी पर्व के सफल आयोजन के लिए सबका आभार जताया है।

## व्यापार जगत

# दिसंबर में थोक महंगाई बढ़कर 2.37% पर आई

- आलू, प्याज, अंडे, मांस-मछली और फलों की कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली।** दिसंबर महीने में थोक महंगाई बढ़कर 2.37% पर आ गई है। इससे पहले नवंबर में ये 1.89% पर थी। अक्टूबर महीने में यह 2.36% पर थी। आलू, प्याज, अंडे, मांस-मछली और फलों की थोक में कीमतें बढ़ीं हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने आज यानी 14 जनवरी को ये आंकड़े जारी किए।



### डेली यूज वाले सामान महंगे, खाने-पीने की चींजे सस्ती हुईं

- रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई 5.49% से बढ़कर 6.02% हो गई।
- खाने-पीने की चीजों की महंगाई 8.92% से घटकर 8.89% हो गई।
- फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर -5.83% से घटकर -3.79% रही।
- मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.00% से बढ़कर 2.14% रही।
- आलू की थोक महंगाई 82.79% से बढ़कर 93.20% पर रही।
- अंडे, मांस, मछली की होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) 3.16% से बढ़कर 5.43% पर रही।
- सब्जियों की थोक महंगाई 28.57% से बढ़कर 28.65% पर आई।

### होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लं बे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए WPI को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। WPI में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

### जनवरी में भी बढ़ सकती है थोक महंगाई

राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान की एसोसिएट प्रोफेसर राधिका पांडे का कहना है कि थोक महंगाई बढ़ने का मतलब है कि आने वाले समय में खुदरा महंगाई भी बढ़ सकती है। डॉलर के मुकाबले कमजोर होते रुपये के कारण आयात की जाने वाली कीमतें बढ़ेंगी। वैश्विक स्तर पर कमोडिटी की कीमतों में वृद्धि से जनवरी में थोक महंगाई बढ़ सकती है।

# डेल्टा ऑटोकॉर्प की लिस्टिंग से निवेशक गदगद



### आईपीओ निवेशकों को 30 प्रतिशत का मुनाफा

**नई दिल्ली।** डेल्टिक ब्रांड के नाम से इलेक्ट्रिक टू व्हीलर और थ्री व्हीलर बनाने वाली कंपनी डेल्टा ऑटोकॉर्प की आज स्टॉक मार्केट में शानदार एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 130 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर 34.62 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 175 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से कंपनी के शेयर 183 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। हालांकि थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये शेयर गिर कर 167.65 के स्तर तक भी आ गया। दोपहर 12 बजे ये शेयर 30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 169 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# मकर संक्रांति पर शेयर बाजार बम-बम

## सेंसेक्स ने लगाई 169.62 अंकों की छलांग

एजेंसी | मुंबई

मकर संक्रांति के मौके पर मंगलवार 14 जनवरी 2025 को घरेलू शेयर बाजार चूड़ा-दही खाकर पूरी तरह बम-बम हो गया. कारोबार के आखिर में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 169.62 अंक या 0.22% की छलांग लगाकर 76,499.63 अंक पर पहुंचकर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 90.10 अंक या 0.39% की तेजी के साथ 23,176.05 अंक पर पहुंच गया।



### अदाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में उछाल

शेयर बाजार के कारोबार में अदाणी ग्रुप के शेयरों में जोरदार उछाल दर्ज की गई. 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में बढ़त वाले 19 शेयरों में अदाणी पोर्ट्स का शेयर 4.77% की उछाल के साथ 1117.60 रुपये पर पहुंच गया. हालांकि, बीएसई सेंसेक्स के गिरावट के साथ बंद होने वाले 11 शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 8.63% गिरकर 1813.95 रुपये पर बंद हुआ. एनएसई में 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी के बढ़त वाले 34 शेयरों में अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 7.05% उछलकर 2382 रुपये पर पहुंच गया. वहीं, गिरावट वाले 16 शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर यहां पर भी 8.52% गिरकर 1819.95 रुपये पर बंद हुआ।

### एशिया के दूसरे बाजारों में मिलाजुला रुख

एशिया के दूसरे बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिला. जापान का निक्केई 225 गिरावट के साथ बंद हुआ. वहीं, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी, हांगकांग के हैंगसेंग और चीन के शंघाई कंपोजिट में बढ़त रही. यूरोपीय बाजारों में सकारात्मक रुख बना हुआ है. अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# 16 जनवरी को ओपन होगा स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का IPO




मुंबई। स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO 16 जनवरी को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 20 जनवरी तक बिडिंग कर सकेंगे। 23 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 199.45 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 160.73 करोड़ के 1,78,58,740 फ्रेश शेयर इश्यू करेगी। वहीं, इसके साथ ही कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए 38.72 करोड़ के 43,02,656 शेयर बेच रहे हैं।

# श्रम सचिव सुमिता डावरा ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** श्रम और रोजगार मंत्रालय के सचिव सुमिता डावरा ने भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकारों (बीओसीडब्ल्यू) 'निगरानी समिति की 16वीं हाइब्रिड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत सभी सन्निमार्ण कर्मकारों की 100 फीसदी कवरेज का आग्रह किया गया।

# बुमराह दिसंबर के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**एजेंसी । दुबई**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने दिसंबर 2024 के लिए भारतीय दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना है। उन्होंने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार जीता। दूसरी महिला वर्ग में इस बार यह सम्मान ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को मिला।



### दिसंबर में बुमराह ने लिए थे 22 विकेट

बुमराह ने दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट लिए थे। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 5 टेस्ट की 9 पारियों में 13.06 की औसत के साथ सर्वाधिक 32 विकेट चटकाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया था। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के चलते ही बुमराह टेस्ट प्रारूप में सर्वोच्च रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बने थे।

### सम्मान हासिल करने के बाद क्या बोले बुमराह?

ये पुरस्कार जीतने के बाद बुमराह ने ICC से कहा, मैं 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुने जाने से रोमांचित हूं। व्यक्तिगत पुरस्कारों के लिए चुना जाना हमेशा विनम्र होता है, और अपने प्रयासों के लिए पहचाना जाना हमेशा अच्छा लगता है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अब तक की सबसे कड़ी प्रतिस्पर्धाओं में से एक थी, और मेरे लिए वहां जाकर अपने देश के लिए प्रदर्शन करना सम्मान की बात थी।

### कमिंस और पैटरसन का कैसा रहा था प्रदर्शन?

दिसंबर में कमिंस ने भारत के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों में 17.64 की शानदार औसत से 17 विकेट लेकर अपनी बेहतरीन फॉर्म का परिचय दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने पिछले महीने ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की थी। पैटरसन ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। दिसंबर में पैटरसन ने 2 टेस्ट में 16.92 की औसत से कुल 13 विकेट लिए थे।

### मंधाना को नहीं मिल सका पुरस्कार

भारत की स्मृति मंधाना भी दिसंबर के लिए नामित हुई थी, लेकिन आखिरकार ऑस्ट्रेलिया की सदरलैंड से पिछड़ गई। मंधाना ने दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज में कमाल किया था। उन्होंने 6 वनडे मैचों में 45.00 की औसत और 91.52 की स्ट्राइक रेट से 270 रन बनाए।

**टी-20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 3 मैचों में 193 रन बनाए थे।** सदरलैंड ने दिसंबर में वनडे में 269 रन बनाए, जिसमें 2 शानदार शतक शामिल थे।

# अभिनाश जामवाल को स्वर्ण, सेना ने बनाई 'खिताबी हैट्रिक

**राष्ट्रीय मुक्केबाजी**

**एजेंसी । बरेली**

हिमाचल प्रदेश के मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में वेल्टरवेट (60 से 65 किलो) वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया जबकि सेना ने लगातार तीसरी बार टीम खिताब अपने नाम किया। मौजूदा चैंपियन शिवा थापा और पूर्व युवा विश्व चैंपियन वंशज कुमार को हराने वाले जामवाल ने मंगलवार को फाइनल में रेलवे के अमित को मात दी।



### सचिन, लक्ष्य भी चैंपियन

इस बीच सेना के मुक्केबाज सचिन सिवाच ने लाइटवेट (55 से 60 किलो) और लक्ष्य चाहर ने लाइट हैवीवेट (75 से 80 किलो) वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। सिवाच ने पंजाब के निखिल को हराया जबकि चाहर ने दिल्ली के ध्रुव सिंह को मात दी। बेंटमवेट (50 से 55 किलो) वर्ग में मनीष राठौड़ ने सेना के पवन बर्तवाल को हराया जबकि वेल्टरवेट (70 से 75 किलो) में निखिल दुबे ने दीपक को मात दी। क्रूसरवेट (80 से 85 किलो) वर्ग में सुमित ने सेना के जुगनू को हराया जबकि नरेंदर ने सुपर हैवीवेट (90 और 90 प्लस वर्ग) में हरियाणा के अंशुल गिल को मात दी। सेना ने पांच स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीतकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह, ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह और पूर्व विश्व चैंपियन स्वीटी बूरा मौजूद थे।

# ICC ने चैंपियंस ट्रॉफी का जारी किया प्रोमो

## वीडियो में वसीम अकरम आए नजर

**एजेंसी । दुबई**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से होनी है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने प्रोमो जारी किया है, जिसमें पूर्व दिग्गज वसीम अकरम नजर आ रहे हैं। लगग 2 मिनट लम्बे इस वीडियो में अकरम इस टूर्नामेंट की महत्व के बारे में बता रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में विजेता टीम सफेद जैकेट पहनती है और अकरम ने इसे सम्मान का प्रतीक बताया। उन्होंने वीडियो में



कहा, 'चैंपियंस ट्रॉफी सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट है और महानता का प्रतीक सफेद जैकेट का अनावरण इस आयोजन के प्रति उत्साह का निर्माण करेगा। अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे मजबूत टीम ही टूर्नामेंट जीतेगी, क्योंकि हर मुकाबला कड़ा होगा और किसी भी टीम के लिए आराम करने का कोई मौका नहीं है।'

# मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पार्ल रॉयल्स को हराया

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पार्ल रॉयल्स को हराया केपटाउन। मुंबई इंडियंस केपटाउन ने बेतवे (दक्षिण अफ्रीका) एसए 20 लीग में पार्ल रॉयल्स को 33 रन से हराकर इस सत्र में अपने मैदान पर पहली जीत दर्ज की। तीसरे सत्र में केपटाउन की टीम ने पहले घरेलू मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। रीजा हेंडरिक्स ने 37 गेंद में 59 रन बनाए जिससे उनकी टीम ने सात विकेट पर 172 रन का अच्छा स्कोर बनाया। हेंडरिक्स का रॉसी वान डेर डुसेन ने बखूबी साथ निभाया और 33 गेंद में 43 रन की पारी खेली। दोनों ने 54 गेंद में 78 रन जोड़े। रॉयल्स की शुरुआत अच्छी रही और जो रूट (26) और लुआन ड्रे प्रिटोरियस ने तीन ओवर में 38 रन जोड़े। हालांकि कैगिसो रबाडा ने दोनों को दो ओवर के भीतर आउट करके मैच की तस्वीर बदल दी। इसके बाद स्पिनर जॉर्ज लिंडे और राशिद खान ने बेहतरीन गेंदबाजी करके उनकी परेशानी और बढ़ा दी। लिंडे ने तीन और राशिद ने दो विकेट लिए।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला क्रिकेट टीम की नजरें आयरलैंड के सफाए पर



**राजकोट।** पहले दो मैचों में शानदार जीत के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को तीसरे और आखिरी वनडे में सीरीज का 'क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी। चार पारियों में तीसरा अर्धशतक जमाने वाली प्रतीका रावल की नजरें शतक पर होंगी। कप्तान स्मृति मंधाना के साथ उन्होंने हर मैच में भारत को उम्दा शुरुआत दी है। दोनों ने पिछले मैच में पहले विकेट के लिए 156 रन जोड़े जो पांच पारियों में उनकी तीसरी शतकीय साझेदारी थी। भारत ने पिछले मैच में पांच विकेट पर 370 रन बनाये जो उसका सर्वोच्च वनडे स्कोर है। हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में चौथे नंबर पर उतरी जेमिमा रौड्रिग्स ने परिपक्वता दिखाते हुए 28 गेंद में अर्धशतक जमाया। हालांकि भारतीय गेंदबाजी चिंता का सबब रही और टीम घरेलू हालात में लगातार विकेट लेने में नाकाम रही जिससे आयरलैंड को पिछले मैच में सात विकेट पर 254 रन बनाने का मौका मिला।

### जेमिमा शतकीय पारी से रैंकिंग में 20 में पहुंचीं



**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स आयरलैंड के खिलाफ दूसरे महिला वनडे में करियर के पहले शतक से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंगलवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष 20 में पहुंच गईं। 24 साल की जेमिमा 563 रेटिंग अंक के साथ तालिका में 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वह शीर्ष 20 में सूजी बेट्स (न्यूजीलैंड) से आगे हैं। स्मृति मंधाना 723 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज हैं। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ 773 अंक और श्रीलंका की चामरी अट्टापट्टू 733 अंक के साथ शीर्ष दो स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली इंग्लैंड के खिलाफ महिला एशेज सीरीज के शुरुआती मैच में 70 रन की पारी से पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजों में इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर हैं।

### निकी को अंडर-19 महिला विश्व कप जीतने का यकीन

**कुआलालंपुर।** भारत की अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम की कप्तान निकी प्रसाद मलेशिया में होने वाले अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कुआलालंपुर के 'पेट्रोनास ट्विन टावर्स में 'कैप्टन्स डे पर 16 अन्य टीमों के कप्तानों के साथ ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाए जाने के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा, ट्रॉफी को देखते हुए मैं साथियों के साथ 2023 में भारतीय टीम द्वारा जीती गई ट्रॉफी को फिर हासिल करने के लिए उत्साहित हूं। 18 जनवरी को शुरू होने वाले टूर्नामेंट में 41 मैच खेले जाएंगे। हर ग्रुप समूह से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में जाएंगी। ग्रुप मैचों से प्राप्त अंकों के आधार पर टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। फाइनल 2 फरवरी को होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने इंग्लैंड पर अजेय बढ़त ली



**मेलबर्न।** एलिसे पेरी (60) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अलाना किंग (चार विकेट) और किंग गार्थ (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे वनडे मुकाबले में इंग्लैंड को 21 रन से हरा दिया। इससे मेजबान टीम ने तीन मैच की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली। तीसरा और आखिरी मैच शुक्रवार को खेला जाएगा। टॉस हार पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम 44.3 ओवर में 180 के स्कोर पर सिमट गई। इंग्लैंड के लिए सोफी एकल्स्टन ने चार विकेट लिए। ऐलिस कैप्सी को तीन विकेट मिले। लॉरा बेल ने दो और लॉरेन फाइनलर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 48.1 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ ने भी तीन विकेट लिए। एश्ले गार्डनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# डेनमार्क के फुटबॉलर साइमन केर ने लिया संन्यास



**एजेंसी । कोपेनहेगन**

डेनमार्क के फुटबाल खिलाड़ी साइमन केर ने राष्ट्रीय टीम के साथ 132 मैच खेलने के बाद सोमवार को संन्यास ले लिया। उन्होंने एक साक्षात्कार में संन्यास लेने के अपने फैसले का खुलासा किया। एफसी मिडट्जिलैंड से आने के बाद, केरने 2020 में एसी मिलान में शामिल होने से पहले पलेर्मो, रोमा, सेविला के लिए खेला है और 2022 में रॉसोनेरी को स्कुडेटो जीतने में मदद की है।

### 2009 में सीनियर टीम के लिए पदार्पण किया

राष्ट्रीय टीम में, केरने 2009 में सीनियर टीम के लिए पदार्पण किया और विश्व कप के तीन संस्करणों और तीन यूरोपीय चैंपियनशिप सहित छह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेला। 35 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल गर्मियों में एसी मिलान के साथ अपने अनुबंध की समाप्ति के बाद से किसी क्लब के बिना है। पूरा साक्षात्कार इस सप्ताह के अंत में जारी किया जाएगा, लेकिन स्निपेट से पता चला है कि अनुभवी खिलाड़ी लंबे समय से इस निर्णय के बारे में सोच रहे थे।

# निखिल द्विवेदी ने शेयर की अपनी फिल्म 'नागिन' की स्क्रिप्ट की झलक



एक्टर-प्रोड्यूसर निखिल द्विवेदी ने अपनी पिछली फिल्म 'सीटीआरएल' से सच में धूम मचा दी। फिल्म के अनोखे और नई सोच वाले कॉन्सेप्ट ने सभी को हैरान कर दिया, और एक प्रोड्यूसर के तौर पर निखिल ने ऐसी फिल्म बनाई जो दर्शकों से जुड़ी और उन्होंने इसे खूब सराहा। अब निखिल द्विवेदी अपनी अगली फिल्म 'नागिन' के लिए तैयार हो रहे हैं और उन्होंने पहले ही इसके स्क्रिप्ट की एक तस्वीर शेयर कर के काफी हलचल मचा दी है। बता दें कि फिल्म को साकेत चौधरी द्वारा डायरेक्ट किया जा रहा है। निखिल द्विवेदी ने अपनी सोशल मीडिया पर अपनी आने वाली फिल्म 'नागिन' के स्क्रिप्ट की एक झलक शेयर की है। साथ ही कैप्शन में लिखा है, 'मकर संक्रांति और फाइनली..'

इससे निखिल द्विवेदी की एक और शानदार फिल्म के लिए उत्साह और भी बढ़ गया है। हम सभी के लिए इस प्रोजेक्ट का इंतजार करना मुश्किल होने वाला है, क्योंकि सभी जानना चाहते हैं कि निखिल इसे पर्दे पर किस तरह पेश करेंगे।

निखिल द्विवेदी द्वारा प्रोड्यूस की गई थ्रिलर फिल्म 'सीटीआरएल' को दर्शकों और क्रिटिक्स से जबरदस्त प्यार और सराहना मिली। अनन्या पांडे और विहान समत स्टारर 'सीटीआरएल' को 'भारत का ब्लैक मिरर' कहा गया है।

# बेबी जॉन की असफलता पर जैकी श्रॉफ की प्रतिक्रिया

फिल्म 'बेबी जॉन' क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। रिलीज से पहले अपने एक्शन के लिए जबर्दस्त सुर्खियां बटोरने वाली यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई है। इसमें वरुण धवन, वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश के साथ एक्टर जैकी श्रॉफ भी नजर आए। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म की विफलता पर प्रतिक्रिया दी है।



### प्रोड्यूसर्स के लिए खराब लगता है

फिल्म 'बेबी जॉन' के खराब बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए जैकी श्रॉफ का कहना है कि उन्हें निर्माताओं के लिए खराब लगता है। उन्होंने इंडिया टुडे के साथ बातचीत में यह कहा। बेबी जॉन में जैकी श्रॉफ खलनायक की भूमिका में नजर आए। कथित तौर पर बेबी जॉन को करीब 180 करोड़ रुपये से अधिक के बजट में बनाया गया। फिल्म 50 करोड़ रुपये भी जुटा पाने में नाकाम साबित हुई।

### भरोसे के साथ पैसा लगाते हैं निर्माता

जैकी श्रॉफ से जब पूछा गया कि क्या फिल्म के खराब प्रदर्शन से उन पर असर पड़ता है? इस पर उन्होंने कहा, 'निर्माता सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। वे इन प्रोजेक्ट्स में बहुत सारा पैसा लगाते हैं और बहुत ही भरोसे के साथ पैसा लगाते हैं। जब वे इस लागत को वसूल नहीं कर पाते तो बहुत तकलीफ होती है। एक कलाकार के तौर पर बेशक आप चाहते हैं कि आपके अभिनय को पसंद किया जाए, लेकिन आप यह भी चाहते हैं कि यह सिनेमा अच्छा चले'। फिल्म की असफलता पर जैकी श्रॉफ ने कहा, 'दुख होता है पर खुद के लिए नहीं, प्रोड्यूसर्स के लिए ज्यादा दुख होता है'।

# 'रात अकेली है' के सीक्वल का हिस्सा बनीं चित्रांगदा सिंह



दिग्गज अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'रात अकेली है' को काफी पसंद किया गया था। इसमें आदित्य श्रीवास्तव, राधिका आप्टे और श्वेता त्रिपाठी जैसे सितारे भी नजर आए थे। 'रात अकेली है' के सीक्वल का ऐलान पहले ही हो चुका है। ताजा खबर यह है कि 'रात अकेली है 2' में अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह की एंट्री हो चुकी है।

### पहली बार साथ आए चित्रांगदा और नवाज

रिपोर्ट के अनुसार, 'रात अकेली है' के सीक्वल में चित्रांगदा मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। निर्माताओं ने हाल ही में महिला प्रधान भूमिका निभाने के लिए अभिनेत्री से संपर्क किया है। चित्रांगदा को फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और उन्होंने इसके लिए हां कह दिया है। 'रात अकेली है 2' चित्रांगदा के जोड़ीदार नवाजुद्दीन होंगे। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।

# राम चरण ने 'गेम चेंजर' की सफलता के लिए जताया प्रशंसकों का आभार



अभिनेता राम चरण काफी समय से फिल्म 'गेम चेंजर' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी यह फिल्म इन दिनों दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लगी हुई है। भले ही यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी, लेकिन फिल्म में राम चरण की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। अब मकर संक्रांति के मौके पर राम चरण ने एक नोट शेयर कर 'गेम चेंजर' की सफलता पर प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया है।

### राम चरण ने लिखा लंबा-चौड़ा नोट

राम चरण ने लिखा, 'प्रिय प्रशंसक, दर्शकों और मीडिया... इस संक्रांति पर 'गेम चेंजर' में हमने जो कड़ी मेहनत की है, उसे सार्थक बनाने के लिए मेरा दिल कृतज्ञया से भर गया है। मैं पूरी कास्ट, क्रू और पर्दे के पीछे के सभी लोगों की दिल से सराहना करता हूं, जिन्होंने फिल्म की सफलता में योगदान दिया। आपका अटूट प्यार और समर्थन मेरे लिए दुनिया से बढ़कर है। 'गेम चेंजर' हमेशा मेरे दिल में एक खास जगह रखेगी।'

### शंकर सर को बहुत-बहुत धन्यवाद- राम चरण

राम चरण ने निर्देशक शंकर का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, 'इस मील के पत्थर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आपके प्रोत्साहन और दयालु समीक्षाओं के लिए मीडिया का विशेष धन्यवाद। मैं वादा करता हूं कि मैं आपको गौरवान्वित करने वाले प्रदर्शन करना जारी रखूंगा। आपको और आपके प्रियजनों को एक खुशहाल संक्रांति और आने वाले शानदार वर्ष की शुभकामनाएं। शंकर सर को बहुत-बहुत धन्यवाद।'

# 'महा अवतार नरसिम्हा' का टीजर जारी



अश्विन कुमार की अपकमिंग एनिमेटेड फिल्म 'महा अवतार नरसिम्हा' का आज मकर सक्रांति के मौके पर टीजर रिलीज हो गया है. इस अलग तरह की फिल्म को होम्बाले फिल्म्स और कलीम प्रोडक्शन्स ने बनाया है। इस एनिमेटेड फिल्म में भगवान विष्णु के अवतार और उनकी कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म का ट्रेलर भक्ति में लीन कर देता है जिसे देखना अपने आप में एक अनोखा अनुभव है।

'महा अवतार नरसिम्हा' भक्ति और उम्मीद की कहानी है, जो भक्त प्रह्लाद के माध्यम से सुनाई जाती है। इसमें दिखाया गया है कि भगवान विष्णु नरसिम्हा के रूप में कैसे अवतरित होते हैं और कैसे बुराई का अंत करते हैं. फिल्म बुराई पर अच्छाई की जीत के स्थापित करती है। मेकर्स ने इस कहानी को एनिमेशन की मदद से पर्दे पर पेश करने का फैसला किया है।

'कांतारा' की सफलता के बाद, यह होम्बाले फिल्म्स का दूसरा प्रोजेक्ट होगा जो भारतीय संस्कृति के कुछ कम जाने जाने वाले पहलुओं को दिखाएगा. 'कांतारा' के जरिए उन्होंने कोला त्योहार की अनसुनी कहानी को दुनिया के सामने रखा है और भारत के दिलों में बसने वाली खास संस्कृति की कहानी को सबके सामने बेहतरीन तरीके से पेश किया। फिल्म सबसे बड़ी स्लीपर हिट के रूप में सामने आई, जिसने रिकॉर्ड बनाए और भारत की सबसे बड़ी पैन इंडिया फिल्म बन गई।

न्यूज़ ब्रीफ

## सीआईएसएफ के लिए दो नई बटालियनों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हवाई अड्डों सहित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने वाले सीआईएसएफ के लिए 2,000 से अधिक कर्मियों वाली दो नई बटालियनों को मंजूरी दी है। नई बटालियन के गठन के साथ ही बल के कर्मियों की संख्या लगभग दो लाख कर्मियों तक पहुंच जाएगी। सीआईएसएफ की ओर से बताया गया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की पहल पर गृह मंत्रालय ने दो नई बटालियनों के निर्माण को मंजूरी देकर सीआईएसएफ के महत्वपूर्ण विस्तार को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय, हाल ही में स्वीकृत महिला बटालियन के साथ मिलकर बल की क्षमता में वृद्धि करेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा और 2,000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

## पीओके के बिना जम्मू-कश्मीर अधूरा: राजनाथ

**अखनूर/जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के बिना अधूरा है। रक्षा मंत्री ने पड़ोसी देश को वहां आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों के खिलाफ चेतावनी भी दी। राजनाथ सिंह यहां अखनूर सेक्टर के टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में नौवें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस रैली को संबोधित कर रहे थे।

## बंद खदान में 100 अवैध खनिकों की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक बंद पड़ी सोने की खदान में अवैध रूप से खनन कर रहे कम से कम 100 लोग महीनों तक गहरे भूमिगत फंसे रहने के बाद मर गए। खनिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक समूह ने बताया कि पुलिस उन्हें बाहर निकालने की कोशिश कर रही थी। 'माइनिंग अफेक्टेड कम्युनिटीज यूनाइटेड इन एक्शन ग्रुप के प्रवक्ता सबेलो मंगुनी ने बताया कि उत्तर-पश्चिम प्रांत की खदान में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई है।

## वक्फ बिल पर काम तेजी से चल रहा है: मेघवाल

**नई दिल्ली।** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि वक्फ विधेयक पर काम अच्छी गति से चल रहा है और जल्द ही इसके 'सकारात्मक परिणाम' सामने आएंगे। एक कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने 'बड़ा फैसला' लिया और विधेयक लाया, जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पारित कर दिया।

एक देश, एक चुनाव

# ईसी के पास वेयरहाउस की कमी

- EVM रखने के लिए 800 अतिरिक्त वेयरहाउस की जरूरत
- ईसी ने रिपोर्ट जॉइंट पार्लियामेंट कमेटी को भेजी

चुनाव आयोग

**एजेंसी । नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने कहा है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए 800 एक्स्ट्रा वेयरहाउस की जरूरत होगी। इन वेयरहाउस में ईवीएम और अन्य उपकरण रखे जाएंगे। EC ने बयान जारी कर कहा कि वेयरहाउस बनाना कठिन काम है और इसमें बहुत लागत आती है। वेयरहाउस के लिए जमीन और कंस्ट्रक्शन की लागत राज्य सरकारें देती है। चुनाव आयोग ने मार्च 2023 में लॉ कमीशन और कानून मंत्रालय के कानूनी मामलों के विभाग के साथ एक साथ चुनाव कराने पर चर्चा की थी। इसकी रिपोर्ट एक देश-एक चुनाव के 2 बिलों पर चर्चा के लिए बनाई जॉइंट पार्लियामेंट कमेटी को भेज दी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 17 दिसंबर को लोकसभा में वन नेशन, वन इलेक्शन संविधान संशोधन बिल पेश किया था। इसे चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति (JPC) के पास भेज दिया है।

### 17 दिसंबर को वन नेशन, वन इलेक्शन संशोधन बिल पेश



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 17 दिसंबर को लोकसभा में वन नेशन, वन इलेक्शन संविधान संशोधन बिल पेश किया था। इसे चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति (JPC) के पास भेज दिया है। चुनाव आयोग ने कानूनी मामलों के विभाग को बताया था कि सभी वेयरहाउस में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, हर एक और तीन महीने में निरीक्षण, फायर अलार्म और सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए अतिरिक्त बजट की जरूरत होगी, जो बहुत मुश्किल है। चुनाव आयोग ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि फिलहाल 326 जिलों में नए वेयरहाउस बनाने की जरूरत है। मार्च 2023 तक 194 वेयरहाउस बन चुके हैं, 106 बनाए जा रहे हैं। जबकि 13 वेयरहाउस बनाने के लिए जमीन की मंजूरी दे दी गई है। लेकिन अभी तक जमीन आवंटित नहीं की गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक देश में लगभग 772 जिले हैं। जुलाई 2012 में चुनाव आयोग ने EVM और VVPAT स्टोर करने के लिए हर जिले में एक वेयरहाउस के निर्माण की पहल की थी।

# दुष्कर्म करने के आरोप में 44 गिरफ्तार

- पुलिस का दावा- दो आरोपी विदेश भागे

**एजेंसी । पथानामथिट्टा**



केरल में दलित महिला एथलीट से किशोरावस्था में कई बार दुष्कर्म किए जाने के सनसनीखेज मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इस मामले में अब तक 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें, 18 वर्षीय पीड़िता ने बताया था कि पिछले पांच साल में 62 लोगों ने उसका यौन शोषण किया था। उसकी आपबीती सामने आने पर पथानामथिट्टा जिले के दो थानों में कई एफआईआर दर्ज की गई थी।

### दो आरोपी विदेश में मौजूद

अब जांच कर रहीं डीआईजी एस अजीता बेगम ने बताया कि महिला के साथ कथित यौन उत्पीड़न के सिलसिले में 30 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। साथ ही 59 आरोपियों में से 44 को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, 'दो आरोपी फरार हैं। वे इस समय विदेश में हैं। हम उनके लिए लुक आउट सर्कुलर जारी करने पर विचार कर रहे हैं। हम इंटरपोल के जरिए उनके लिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की भी योजना बना रहे हैं। इनके अलावा 13 और लोगों को गिरफ्तार किया जाना है।' अधिकारी ने कहा, 'हम आरोपियों के ठिकानों की तलाश कर रहे हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसआईटी द्वारा एक फूलप्रूफ और वैज्ञानिक जांच की जाएगी। हम किसी भी आरोपी को नहीं छोड़ेंगे। कोई समझौता नहीं होगा। हम उन सभी को कानून के कठघरे में लाएंगे।'

# गोवा से मुंबई जा रहे इंडिगो के विमान में बम की अफवाह

## एहतियातन हवाई अड्डे पर आपातकाल घोषित




**एजेंसी । मुंबई**

गोवा से मुंबई जा रहे इंडिगो के एक विमान को बम से उड़ाने की अफवाह फैल गई। इसके बाद विमान की सुरक्षा जांच हुई। वहीं मुंबई हवाई अड्डे पर आपातकाल घोषित कर दिया गया। सुरक्षा जांच होने पर करीब एक घंटे बाद आपातकाल को वापस लिया गया। इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि विमान संख्या ई 5101 को मुंबई एयरपोर्ट पर उतरने के बाद आइसोलेशन बे में भेज दिया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया गया और संबंधित अधिकारियों से मंजूरी के बाद विमान को वापस टर्मिनल पर भेज दिया गया। एयरलाइन ने यात्रियों की संख्या का खुलासा नहीं किया।

### सरकार ने सख्त किए नियम

पिछले साल अक्तूबर और नवंबर में कई उड़ानों में बम होने की फर्जी धमकियां मिली थीं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही एयरलाइंस को नुकसान हुआ। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में विमानन कंपनियों को 666 फर्जी बम धमकियां मिलीं। जबकि इस साल 14 नवंबर तक ऐसी 999 धमकियों मिल चुकी हैं। इसके बाद सरकार ने विमान सुरक्षा नियमों में संशोधन किया है। जिसके तहत इस तरह की फर्जी कॉल करने वालों को दंड का सामना करना पड़ सकता है और उनके उड़ान भरने पर भी रोक लगायी जा सकती है। नये नियम के तहत, अपराधियों पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के महानिदेशक को किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को विमान में प्रवेश देने से मना करने का अधिकार है।

कांग्रेस ने जारी की नई लिस्ट

# मुंडका से धर्मपाल तो ओखला से अरीबा खान को टिकट



**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 16 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। कांग्रेस ने मुंडका सीट से धर्मपाल लाकड़ा, ओखला से अरीबा खान और किराड़ी सीट से राजेश गुप्ता को टिकट दिया है। पालम विधानसभा सीट से कांग्रेस ने मांगे राम को उम्मीदवार बनाया है। मुंडका सीट से उम्मीदवार धर्मपाल लाकड़ा आज ही आम आदमी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। हाथ का साथ थामने के कुछ ही घंटे बाद पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है। लाकड़ा के साथ ही पार्षद राजेश गुप्ता किराड़ी ने भी कांग्रेस का दामन थामा। किराड़ी वार्ड नंबर 39 से पार्षद हैं। दोनों नेताओं ने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव और प्रभारी काजी निजामुद्दीन की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली।

# अंतरिम जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची पूजा खेडकर

- दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को दी चुनौती

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पूर्व IAS ट्रेनी पूजा खेडकर ने अग्रिम जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई है। यूपीएससी के PCS परीक्षा में धोखाधड़ी और गलत तरीके से अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) और दिव्यांग कोटे का लाभ उठाने की आरोप सामने कर रही पूजा खेडकर ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच बुधवार (15 जनवरी) को याचिका पर सुनवाई करेगी। बीते साल 23 दिसंबर को दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। पूजा हाई कोर्ट ने कहा था कि खेडकर के खिलाफ प्रथम दृष्टया मजबूत मामला बनता है। वहीं, व्यवस्था में हेरफेर करने की 'बड़ी साजिश' का पता लगाने के लिए जांच की जरूरत है।

### यूपीएससी ने भी पूजा के खिलाफ मामला किया दर्ज



यूपीएससी ने भी फर्जी पहचान के आधार पर सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के आरोप में पूजा खेडकर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज की। दिल्ली पुलिस ने विभिन्न अपराधों के लिए पूजा खेडकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। खेडकर को 12 अगस्त, 2024 को उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर हाई कोर्ट द्वारा नोटिस जारी किए जाने पर गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी गई थी और इसे समय-समय पर बढ़ाया गया था।

### जमानत देने से पड़ेगा प्रतिकूल प्रभाव- हाईकोर्ट

मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि पूजा खेडकर के खिलाफ प्रथम दृष्टया मजबूत मामला बनता है और व्यवस्था में हेरफेर करने की 'बड़ी साजिश' का पता लगाने के लिए जांच की आवश्यकता है और गिरफ्तारी से पहले जमानत देने से इस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उच्च न्यायालय ने कहा, 'अग्रिम जमानत याचिका खारिज की जाती है। गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण खत्म किया जाता है।'

चुनाव नियमों में संशोधन

# जयराम रमेश की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट बुधवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें 1961 के चुनाव नियमों में संशोधन को चुनौती दी गई है। इस संशोधन के जरिये सीसीटीवी फुटेज जैसी चुनाव सामग्री तक सार्वजनिक पहुंच को प्रतिबंधित कर दिया गया है, जब तक कि इसे चुनाव आयोग द्वारा स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध न किया गया हो। सुप्रीम कोर्ट की सूची के अनुसार, सीजेआई संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ 15 जनवरी को मामले की सुनवाई करेगी। 24 दिसंबर को अदालत के समक्ष दायर अपनी याचिका में कांग्रेस के महासचिव ने तर्क दिया कि ईसीआई को 1961 के चुनाव संचालन नियम में इस तरह बेशर्मी से और सार्वजनिक परामर्श के बिना एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### बेशर्मी से संशोधन की अनुमति नहीं दी जा सकती



जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि चुनाव नियम, 1961 में हाल ही में किए गए संशोधनों को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक रिट दायर की गई है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार संवैधानिक निकाय चुनाव आयोग को एकतरफा और बिना सार्वजनिक परामर्श के महत्वपूर्ण कानून में बेशर्मी से संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### खत्म हो रही चुनावी प्रक्रिया की अखंडता

राज्यसभा सांसद रमेश ने कहा कि ईसीआई की सिफारिशों के बाद 21 दिसंबर को पेश किया गया संशोधन चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने वाली आवश्यक जानकारी तक जनता की पहुंच को खत्म कर देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता तेजी से खत्म हो रही है। उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इसे बहाल करने में मदद करेगा। उधर, जयराम रमेश ने उच्च शिक्षण संस्थानों में असिस्टेंट प्रोफेसर और कुलपतियों की भर्ती में बदलाव करने वाले मसौदे पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इससे संस्थानों की स्वतंत्रता नष्ट होगी। उन्होंने दावा किया कि इस कदम का मकसद एजुकेशन सेक्टर में बड़े पदों पर आरएसएस के लोगों को बैठाने की राह आसान करना है।

## सामूहिक आमरण अनशन करेंगे 111 किसान

**एजेंसी । नई दिल्ली**

खनौरी बॉर्डर से किसानों ने ऐलान किया है कि बुधवार से 111 किसानों को जत्था मांगें पूरा होने तक आमरण अनशन शुरू करेगा। दोपहर 2 बजे यह जत्था काले कपड़े पहनकर पुलिस बैरीकेडिंग के पास बैठेगा। जत्थे में शामिल किसानों को अनशन से बदला नहीं जाएगा यानी 111 किसान को दूसरे किसानों से बदला नहीं जाएगा। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने बताया कि केंद्र सरकार के सख्त रवैया से दुखी होकर किसान नेताओं से सामूहिक आमरण अनशन करने का फैसला लिया है। किसान अपने नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को तिल-तिल मरते हुए नहीं देख सकते और सभी किसान इस समय बेहद भावुक हैं।



### किसानों की सूची तैयार

सामूहिक आमरण अनशन पर बैठने जा रहे 111 किसानों के जत्थे में संयुक्त किसान मार्चा (एस.के.एम.) के किसान शामिल होंगे या नहीं, इसको लेकर एस.के.एम. की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। लेकिन एस.के.एम. (गैर-राजनीतिक) ने सामूहिक आमरण अनशन पर बैठने जा रहे 111 किसानों की सूची तैयार कर ली है।

# मार्क जुकरबर्ग की बढ़ीं मुश्किलें, संसदीय समिति भेजेगी समन

- CEO जुकरबर्ग ने कहा था- कोविड के बाद मोदी सरकार हारी
- कमेटी बोली- गलत जानकारी फैलाई, माफी मांगें
- बयान पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी जताई थी नाराजगी

विवाद

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के एक बयान ने भारतीय राजनीति में हलचल मचा दी है। जुकरबर्ग ने एक पोडकास्ट में कहा कि कोविड 19 के बाद भारत समेत कई देशों में सत्ता परिवर्तन हुआ, जो दर्शाता है कि सरकारों पर जनता के विश्वास में कमी आई है। इस बयान पर अब भारत में विवाद खड़ा हो गया है। मंगलवार को संसद की संचार और सूचना प्रौद्योगिकी स्थायी समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने मार्क जुकरबर्ग के बयान को भारत विरोधी बताया है।




### अश्विनी वैष्णव और निशिकांत दुबे ने जताया विरोध

निशिकांत दुबे ने कहा कि मेरी कमेटी इस गलती के लिए मेटा को समन करेगी। निशिकांत दुबे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मेरी कमिटि इस गलत जानकारी के लिए @Meta को बुलाएगी। किसी भी लोकतांत्रिक देश की गलत जानकारी देश की छवि को धूमिल करती है। इस गलती के लिए भारतीय संसद से तथा यहां की जनता से उस संस्था को माफी मांगनी पड़ेगी। सबसे पहले केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मार्क जुकरबर्ग के बयान पर विरोध जताया था। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह दावा कि 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारें कोविड के बाद हार गईं, तथ्यात्मक रूप से गलत है।

### जुकरबर्ग ने क्या कहा था?

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा कि कोविड 19 के बाद दुनिया भर की कई सरकार साल 2024 में हुए चुनाव हारी हैं, जिसमें भारत भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकारों की ये हार दिखाती है कि लोगों का भरोसा कोविड महामारी के बाद कम हुआ है। जुकरबर्ग ने ये भी कहा कि महंगाई बढ़ने, महामारी से जुड़ी इकोनॉमिक पॉलिसीज और सरकारों ने COVID-19 को हैंडल कैसे किया इसकी वजह से लोगों का भरोसा घटा है। मेटा को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) के निर्देश का भी सामना करना पड़ रहा है। CCI ने मेटा को व्हाट्सएप और अन्य ऐप्स के बीच डेटा शेयरिंग पर पांच साल का प्रतिबंध लगाया है। इसके साथ ही, मेटा पर 25.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है।

# रूसी सेना में फंसे भारतीयों को जल्द रिहा करो: विदेश मंत्रालय

- युद्ध में अब तक 10 भारतीयों की जान जा चुकी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारत ने मंगलवार को रूस से मांग करते हुए कहा है कि वह अपनी सेना में सेवा दे रहे सभी भारतीय नागरिकों को तुरंत रिहा करे। यह मांग उस समय उठाई गई जब यूक्रेन के साथ संघर्ष में एक और भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इस युद्ध में अब तक 10 भारतीयों की जान जा चुकी है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि केरल के एक भारतीय नागरिक बिनिल बाबू (31) युद्ध में मारे गए। वह त्रिशूर जिले के कुट्टनेलूर के निवासी थे।

### विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल का बयान

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा, "हमने केरल के एक भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बारे में जानकारी प्राप्त की है, जिसे कथित तौर पर रूसी सेना में भर्ती किया गया था। एक अन्य नागरिक घायल हुआ है, और उसका मॉस्को के अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले को मॉस्को में रूसी अधिकारियों और नई दिल्ली में रूसी दूतावास के समक्ष सख्ती से उठाया गया है।"